डाक पंजीयन नं. 99/2021–23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.adhuniksamachar.com



आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार



प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमाः दिव्या भारती की वो 5 फिल्में जिसने उन्हें बॉलीवुड के शिखर पर पहुंचाया था


वर्ष -09 अंक -31 प्रयागराज, गुरुवार 06 अप्रैल, 2023 पृष्ठ- 8 मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### सीयूईटी यूजी में इस बार करीब 14 लाख छात्र लेंगे हिस्सा

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय के स्नातक कोर्सों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली सामान्य प्रवेश परीक्षा ( सीयूईटी ) को लेकर छात्रों का भरोसा तेजी से बढ़ा है। इसका अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि इस



परीक्षा में इस बार करीब 14 लाख छात्र हिस्सा लेने जा रहे है। वैसे तो इस परीक्षा के लिए 16.85 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराए थे, लेकिन इनमें में करीब 14 लाख छात्रों ने फीस के साथ आवेदन दाखिल किया है। वर्ष 2022 में इस परीक्षा के लिए 12.50 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराए थे, जबकि 9.9 लाख ने आवेदन जमा किए थे। ऐसे में 2022 के मुकाबले इस बार इस परीक्षा में करीब चार लाख ज्यादा छात्र हिस्सा लेंगे।

### मथुरा एस्केप केनाल पर अतिक्रमण हटाने का मामला पहुंचा सुप्रीम कोट

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** मथुरा में सिंचाई विभाग की जमीन पर हुए अतिक्रमण (मथुरा एस्केप कैनाल अतिक्रमण) का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। हाई कोर्ट के अतिक्रमण हटाने के आदेश के बाद मकान ढहने से आशंकित लोग राहत मांगने सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोगों ने याचिका दाखिल कर हाई कोर्ट के 22 फरवरी के आदेश पर रोक लगाने की मांग की है हाई कोर्ट ने 22 फरवरी को मथुरा एस्केप केनाल पर हुए अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया था। हाई कोर्ट के आदेश के बाद से करीब 700 घरों पर ढहने का खतरा मंडरा रहा है, जिससे करीब चार पांच हजार लोग प्रभावित हो सकते हैं।

## शहरों में घटे पेट्रोल-डीजल के दाम, कहां हुई बढ़ोतरी; चेक करें क्या है नया रेट

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** ओपेक्र देशों द्वारा तेल उत्पादन में आश्चर्यजनक रूप से कटौती के बाद एशियाई देशों में तेल कंपनियों द्वारा जारी नए रेट से पता चलता है कि जहां देश के कई शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत बदल गई है, वहीं बहुत 94.24 रुपये प्रति लीटर हैं, जबकि कोलकाता में कीमत क्रमशः 106.03 रुपये प्रति लीटर और 92.76 रुपये प्रति लीटर है। सरकारी तेल कंपनियों



तेल के दाम बढ़ने का खतरा मंडराने लगा है। कई देशों में जल्द ही पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ सकते हैं। पेट्रोलियम निर्यातक देशों के इस संगठन ने 2017 में आपूर्ति को नियंत्रित करना शुरू किया था, तब से कई बार कच्चे तेल का उत्पादन घटाया जा चुका है बुधवार, 5 अप्रैल को देश के मेट्रो शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर रहीं। से शहरों में पेट्रोल-डीजल का भाव यथावत बना हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 96.72 रुपये प्रति लीटर और 89.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। चेन्नई में, पेट्रोल और डीजल की कीमतें क्रमशः 102.63 रुपये प्रति लीटर और की रेट लिस्ट के मुताबिक, नोएडा में पेट्रोल 15 पैसे चढ़कर 96.92 रुपये लीटर हो गया है, जबकि डीजल 14 पैसे की उछाल के साथ 90.08 रुपये लीटर हो गया है। नोएडा से सटे गाजियाबाद की बात करें तो वहां आज पेट्रोल 32 पैसे सस्ता हुआ है। यहां पेट्रोल 96.26 रुपये लीटर, जबकि डीजल 30 पैसे महंगा होकर 89.45 रुपये लीटर बिक रहा है।

## चीन ने चली नई चाल, भारत के दो पत्रकारों को देश में आने से रोका; वीजा किया फ्रीज

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** चीन ने भारत के दो पत्रकारों को अपने देश में एंट्री करने से रोक दिया है। चीन की ओर से यह कदम ऐसे समय में उठाया है भारत के जिन दो पत्रकारों को रोका है उसमें एक अंशुमन मिश्रा और दूसरे अनंत कृष्णन हैं। ये दोनों पत्रकार अलग-अलग संस्थानों के हैं। फिलहाल इस मुद्दे को लेकर



जब कुछ हफ्ते पहले भारत ने पड़ोसी मुल्क के एक पत्रकार को देश छोड़ने का निर्देश दिया था। लोगों ने कहा कि बीजिंग में सरकारी प्रसार भारती के प्रतिनिधि अंशुमन मिश्रा और द हिंदू के संवाददाता अनंत कृष्णन को चीनी अधिकारियों ने सूचित किया कि उन्हें चीन वापस नहीं जाना चाहिए क्योंकि उनके वीजा फ्रीज कर दिए गए हैं। मिश्रा और कृष्णन दोनों हाल ही में निजी कारणों से भारत आए थे। चीन की ओर से भारत सरकार की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है। भारत के इन दोनों पत्रकारों की ओर से चीनी अधिकारियों को सूचना दी गई है कि वो वापस नहीं आ सकते हैं क्योंकि उनका वीजा फ्रीज कर दिया गया है। ये दोनों पत्रकार हाल ही में निजी कारणों से भारत आए थे। अब इन्हें चीन लौटना था लेकिन उससे पहले ही चीन ने नई चाल चल दी। कथित तौर पर इस मामले पर अब बीजिंग में भारतीय दूतावास और चीनी एमएफए के बीच चर्चा हो रही है।इस कदम के बाद भारतीय पक्ष ने पिछले महीने सरकारी शिन्हुआ समाचार एजेंसी के नई दिल्ली स्थित एक संवाददाता को सूचित किया कि उनके भारतीय वीजा का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि सिन्हुआ संवाददाता को 31 मार्च तक चीन लौटने के लिए कहा गया था। वहीं, बीजिंग में शेष बचे दो भारतीय पत्रकारों प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) के केजेएम वर्मा और हिंदुस्तान टाइम्स के सुतिर्थो पैट्रानोबिस को चीन के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि वे अभी रुक सकते हैं। बीजिंग में थे छह भारतीय पत्रकार बता दें कि कुछ साल पहले बीजिंग में छह भारतीय पत्रकार काम करते थे लेकिन बाद में यह संख्या घटकर चार रह गई। पिछले कुछ वर्षों में, मुट्ठी भर भारतीय पत्रकारों को ही चीनी अधिकारियों द्वारा फेलोशिप दी गई है, जिससे उन्हें चीन में रहने और अपने मीडिया संगठनों के लिए रिपोर्ट करने की अनुमति मिली है।

## हमेशा यह क्यों कहते हो कि भाजपा क्या कह रही है'', सवाल पूछने पर पत्रकार से बोले राहुल गांधी

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को एक पत्रकार से कहा, 'आप हमेशा यह क्यों कहते हैं कि



भाजपा क्या कह रही है' दरअसल, पत्रकार ने उनसे भाजपा द्वारा उनकी आलोचना को लेकर सवाल किया था। बता दें कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष कांग्रेस मुख्यालय में प्रवेश कर रहे थे, तभी उनसे भाजपा के उस आरोप के बारे में सवाल किया गया था कि मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने के खिलाफ सोमवार को सूरत की अदालत में अपील दायर करने के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को जुटाकर उन्होंने न्यायपालिका पर दवाब डालने का प्रयास किया। इस सवाल पर राहुल मीडिया के पास वापस आए और कहा, 'आप हमेशा यह क्यों कहते हो कि भाजपा क्या कह रही है? हर बार आप कहते हो कि भाजपा क्या कह रही है। अदाणी की मुखौटा कंपनियों में 20 हजार करोड़ किसके- राहुल राहुल ने अपने आरोप दोहराते हुए कहा, ''यह बहुत साधारण सी बात है। अदाणी जी की मुखौटा कंपनियों में 20 हजार करोड़ रुपये किसके हैं ये बेनामी हैं। यह किसके हैं।' बाद में ट्वीट करके उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाया और पूछा कि वह भयभीत क्यों हैं।भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी ने कहा, ''राहुल गांधी ने एक बार फिर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला किया है। देश के पिछड़े वर्गों और मीडिया का अपमान करना राहुल गांधी की मानसिकता है। देश की लोकतांत्रिक प्रणाली पर लगातार हमले करके वह अपनी दादी के पदचिह्नों पर चल रहे हैं।

## कोविड-19 और हर्ट अटैक के बीच संबंध पर कर रहा अध्ययन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** हार्ट अटैक और कोविड-19 के कारण होने वाली मौतों में अचानक वृद्धि के मद्देनजर



इंडियन काउंसिल आफ मेडिकल रिसर्च (आइसीएमआर) ये अध्ययन कर रहा है कि क्या इन दोनों के बीच कोई संबंध है इसके नतीजे दो महीने में आने की उम्मीद है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी। इससे पूर्व 22 दिसंबर को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में चिंतन शिविर के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने बताया था कि कोविड-19 और हर्ट अटैक (दिल के दौरे) के दौरे के बीच कोई संबंध है या नहीं, यह जानने के लिए अध्ययन को पूरा होने में छह महीने और लगेंगे। इस अध्ययन को करने वाली आइसीएमआर की टीम में डा. निवेदिता और डा. तनवीर कौर जैसे कई वैज्ञानिक शामिल हैं। हालांकि, फरवरी में विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक डा. सौम्या स्वामीनाथन ने कहा था कि यह तो एकदम सही है कि कोविड-19 से संक्रमित होने के बाद दिल के दौरे, मधुमेह और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के 3038 नए मामले सामने आए हैं। इसी के साथ देश में सक्रिय मामले बढ़कर अब 21,179 हो गए हैं। संक्रमण से नौ और लोगों की मौत होने के साथ ही कुल मृतक संख्या 5,30,901 हो गई है। पंजाब, दिल्ली और केरल में दो-दो मौतें जबकि जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और उत्तराखंड में एक-एक व्यक्ति की जान और महामारी से चली गई।

## मुकेश अंबानी फिर बने एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति, अरबपतियों की सूची में नौवें स्थान पर

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** फोर्ब्स के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी एक बार फिर एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उनके प्रमुख प्रतिद्वंद्वी गौतम अदाणी वैश्विक सूची में खिसककर 24वें स्थान पर आ गए हैं। अदाणी 24 जनवरी को दुनिया के तीसरे सबसे धनी व्यक्ति थे। उस समय उनकी दौलत 126 अरब डालर थी। हालांकि हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद उनकी कंपनी के शेयरों की कीमत में तेज गिरावट दर्ज की गई। वर्तमान में अदाणी की संपत्ति 47.2 अरब डालर है और वह अंबानी के बाद दूसरे सबसे अमीर भारतीय हैं। 83.4 अरब डालर की संपत्ति के साथ 65 वर्षीय अंबानी अरबपतियों की सूची में नौवें स्थान पर हैं। एचसीएल के शिव नादर ने 25.6 अरब डालर की संपत्ति के साथ देश के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति का खिताब



अपने पास बरकरार रखा है। खास बात यह है कि अदाणी के बड़े भाई विनोद की अनुमानित संपत्ति लगभग 10 अरब डालर है, लेकिन उनके साइप्रस का पासपोर्ट है, जिसके चलते उन्हें भारतीय अरबपतियों की सूची में स्थान नहीं दिया गया। फोर्ब्स के अरबपतियों की सूची में 169 भारतीय शामिल हैं। पिछले साल यह संख्या 166 थी। दुनिया के 25 सबसे अमीर लोगों की कुल संपत्ति 2.1 ट्रिलियन डालर है। यह 2022 के 2.3 ट्रिलियन डालर से 200 अरब डालर कम है। 25 सबसे अमीर लोगों में से दो तिहाई की संपत्ति पिछले साल की तुलना में कम हुई है। सबसे ज्यादा नुकसान अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस को हुआ है, क्योंकि उनकी कंपनी के शेयरों में 38 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इससे उनकी संपत्ति 57 अरब डालर कम हुई है। 114 अरब डालर के साथ बेजोस अरबपतियों की सूची में तीसरे नंबर पर हैं। एलन मस्क का हुआ नुकशान एलन मस्क ऐसे दूसरे व्यक्ति हैं, जिन्हें सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। ट्विटर का अधिग्रहण करने की एवज में उन्हें टेस्ला के शेयर बेचने पड़े, जिसके चलते उनकी संपत्ति एक साल पहले की तुलना में 39 अरब डालर कम हुई है। 180 अरब डालर की संपत्ति के साथ वह सूची में दूसरे नंबर पर हैं। 211 अरब डालर की संपत्ति के साथ फ्रांस के बर्नार्ड अरनाल्ट सूची में सबसे ऊपर हैं।

## तेलंगाना भाजपा प्रमुख बंदी संजय को पुलिस ने आधी रात लिया हिरासत में

(आधुनिक समाचार सेवा)

**करीमनगर।** तेलंगाना भाजपा के अध्यक्ष और सांसद बंदी संजय कुमार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राज्य की यात्रा से पहले करीमनगर में उनके आवास से बुधवार आधी रात के बाद हिरासत में लिया गया था। कथित



तौर पर, पुलिस की एक टीम सांसद के करीमनगर स्थित आवास पर पहुंची और उन्हें हिरासत में ले लिया। इससे तनावपूर्ण माहौल बन गया क्योंकि बंदी संजय के समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने पुलिस को रोकने की कोशिश की। बंदी संजय को पुलिसकर्मियों द्वारा घसीटते हुए देखा जा सकता है और बाद में उन्हें एक पुलिस वैन के अंदर बैठाया गया। कथित तौर पर, उन्हें नलगौंडा जिले के बोम्माला रामाराम पुलिस स्टेशन ले जाया गया। पुलिस कार्रवाई के बारे में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। भाजपा के राज्य महासचिव प्रेमेंद्र रेड्डी ने कहा, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बंदी संजय को पुलिस ने आधी रात को हिरासत में लिया। उन्हें करीमनगर स्थित उनके आवास से अवैध रूप से पकड़ा गया है। रेड्डी ने आरोप लगाया, उन्हें सुबह कोई कानूनी प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए थी, बंदी संजय कहां जाएंगे यह तेलंगाना में पीएम मोदी के कार्यक्रम में बाधा डालने के अलावा और कुछ नहीं है। आधी रात में एक सांसद के खिलाफ इस कार्रवाई की क्या आवश्यकता थी अपराध और मामला क्या हैं वे हमें कुछ नहीं बता रहे हैं। उन्हें भोंगिर ले जाया जा रहा है। उन्हें वहां क्यों ले जाया जा रहा है रेड्डी ने आगे पूछताछ की। उन्होंने आरोप लगाया, इस कार्रवाई के पीछे कारण यह है कि हम प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर केसीआर सरकार के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। यह सब 'लोकतंत्र' के खिलाफ है। बंदी संजय की नजरबंदी के बाद तेलंगाना के भाजपा नेताओं ने कहा कि राज्यव्यापी विरोध शुरू किया जाएगा। रेड्डी ने कहा, ठहम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन करने की योजना बना रहे हैं । पीएम मोदी तेलंगाना के दौरे पर जाने वाले हैं 8 अप्रैल को सिकंदराबाद से तिरुपति तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन करने के साथ-साथ कई अन्य विकासात्मक परियोजनाओं को लॉन्च करने के लिए।

## भाजपा ने 'कांग्रेस फाइल्स' की तीसरी किश्त की जारी, 1.86 करोड़ के कोयला घोटाले के सहारे साधा निशाना

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के शासन काल में हुए भ्रष्टाचार की जारी श्रृंखला 'कांग्रेस फाइल्स' की तीसरी किश्त मंत्री झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता शिबू सोरेन और खुद प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह थे। भाजपा ने मनमोहन सिंह पर रिमोट कंट्रोल



में भाजपा ने कोयला घोटाले का मुद्दा उठाया था। भाजपा ने तत्कालीन संप्रग सरकार पर आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे होने का आरोप लगाते हुए बताया कि अकेले कोयला घोटाले में देश को 1.86 लाख करोड़ का नुकसान पहुंचाया गया। तीसरी किश्त में भाजपा ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश के प्राकृतिक संसाधन कोयले के खदानों का आवंटन नियम के खिलाफ 100 कंपनियों को किया गया। सीएजी ने अपनी रिपोर्ट में इस घोटाले में 1.86 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया था। भाजपा के अनुसार इससे न सिर्फ देश का आर्थिक नुकसान हुआ बल्कि दुनिया में उसकी छवि भी खराब हुई। भाजपा के अनुसार संप्रग सरकार के दूसरे कार्यकाल में हुए इस घोटाले के दौरान कोयला की सरकार चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने प्राकृतिक संसाधन की इस लूट को रोकने के लिए कुछ नहीं किया। अगली किश्त में भाजपा संप्रग सरकार के कार्यकाल में हुए कामनवेल्थ घोटाले का मुद्दा उठाएगी। ध्यान देने की बात है कि हिंडनबर्ग-अदाणी के मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरने की कोशिश में जुटी कांग्रेस पर भाजपा ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जोरदार हमला बोला है। अरबों की लूट का आरोप भाजपा ने कांग्रेस के 70 सालों के कार्यकाल में 4821 अरब रुपये की लूट का आरोप लगाया है। भाजपा ने पहली किश्त में 1.76 लाख करोड़ रुपये के 2जी स्पेक्ट्रम घोटाले और दूसरी किश्त में येस बैंक के राणा कपूर पर गांधी परिवार से दो करोड़ की पेंटिंग जबदस्ती खरीदवाने का मुद्दा उठाया था।

## पीएम मोदी से ताजमहल और कुतुब मीनार जैसे स्मारकों को ध्वस्त कराने की अपील

(आधुनिक समाचार सेवा)

**गुवाहाटी।** असम से भाजपा विधायक रूपज्योति कुर्मी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से ताजमहल और कुतुब मीनार जैसे स्मारकों को ध्वस्त कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि इन दोनों स्मारकों के स्थान पर दुनिया के सबसे सुंदर मंदिरों का निर्माण किया जाना चाहिए। विधायक ने कहा कि उन दोनों मंदिरों की वास्तुकला ऐसी होनी चाहिए कि कोई अन्य स्मारक उनके करीब भी न हो। उन्होंने आगे कहा कि वह इसके लिए अपना डेढ़ साल का वेतन इन मंदिरों के निर्माण के लिए दान करने को तैयार हैं विधायक ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री से आग्रह करता हूं कि ताजमहल और कुतुब मीनार को तुरंत ध्वस्त कर दिया जाए। इन दो स्मारकों के स्थान पर दुनिया के सबसे खूबसूरत मंदिरों का निर्माण किया जाना चाहिए। उन दोनों मंदिरों की वास्तुकला ऐसी होनी चाहिए कि कोई अन्य स्मारक भी इसके करीब न हो। कुर्मी ने आगे कहा कि वह कम से कम अपनी डेढ़ साल की तनख्वाह मंदिरों के निर्माण के लिए दान करने को तैयार हैं। ताजा बदलाव देश के उन सभी स्कूलों पर लागू होगा जो



एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम का पालन करते हैं। एनसीईआरटी ने कहा कि बदलाव मौजूदा शैक्षणिक सत्र 2023-2024 से लागू होंगे विशेष रूप से कक्षा 12 के पाठ्यक्रम में नवीनतम परिवर्तनों में मुगल साम्राज्य से संबंधित अध्यायों को एनसीईआरटी द्वारा इतिहास की पाठ्यपुस्तकों से हटा दिया गया था, जबकि कुछ कविताएं और पैराग्राफ भी हिंदी पुस्तक से हटा दिए गए थे। मुगल दरबार, राजाओं और उनके इतिहास पर भारतीय इतिहास के विषय-भाग 2 पाठ्यपुस्तक के अध्यायों को पाठ्यक्रम से हटा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि चार बार के विधायक और कभी असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के कट्टर आलोचक रहे रूपज्योति कुर्मी जून 2021 में कांग्रेस से भाजपा में आ गए।

# मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0, द्वारा परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास तथा पुस्तकों का विमोंचन कार्य

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** नगर विकास अनुभाग-5, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ, के पत्र दिनांक 05 अप्रैल, 2023 के अनुक्रम में प्रदेश के नगरीय निकायों में नागरिक सुविधाओं के स्तरोनयन, नगरों को साफ एवं सुसज्जित रखने तथा नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु नगर विकास विभाग, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन का कार्यक्रम विभाग द्वारा अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। उक्त के क्रम में नगरीय निकायों की नयी परियोजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण व विभाग की योजनाओं से सम्बन्धित अनेक पुस्तकों का विमोचन, दिनांक 06 अप्रैल, 2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे माननीय मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश के कर-कमलों द्वारा नगरीय निकाय निदेशालय, गोमतीनगर विस्तार, सेक्टर-7, लखनऊ स्थित सभागार में किया जाना प्रस्तावित है। लोकार्पण एवं शिलान्यास की जाने वाली परियोजनाओं का लाइव/सजीव प्रसारण प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों तथा नगर निगम प्रयागराज में एन0आई0सी0 के माध्यम से किया जायेगा। नगर निगम प्रयागराज के परिसर स्थित नई बिल्डिंग के नवनिर्मित हॉल में बडी स्क्रीन लगाकर कार्यक्रम कों ददस् के माध्यम से थ्रेूहग्हु श्द में जोडा गया है, जिसमें मा0 मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण नगर निगम क्षेत्र के गणमान्य एवं प्रबुद्धजनों, कर्मिकों एवं लाभार्थियों के साथ देखा जायेगा। अतः मा0 मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कार्यक्रम में, नगर निगम प्रयागराज के मा0 सांसद, मा0 महापौर, मा0 विधायक के साथ ही गणमान्य एवं प्रबुद्धजनों, कर्मिकों एवं लाभार्थियों से आग्रह है कि उक्त कार्यक्रम में आपकी गरिमामयी उपस्थिति अपेक्षित है।

# बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड में फरार चल रहे 1 लाख के इनामी अब्दुल कवि ने किया आत्मसमर्पण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** अतीक अहमद के गुर्गे अब्दुल कवि ने किया सरेंडर लखनऊ सीबीआई कोर्ट में अब्दुल कवि ने किया सरेंडर बीते 18 साल से अब्दुल कवी पर शुरू हुआ था कार्रवाई का दौर अब्दुल कवी के भाई अब्दुल कादिर को कौशांबी पुलिस ने भेजा था जेल। घर पर हुई छापेमारी में असलहे भी हुए




से फरार चल रहा अब्दुल कवी ने यूपी पुलिस को चकमा देकर किया सरेंडर लखनऊ की सीबीआई कोर्ट में किया अब्दुल कवि ने सरेंडर किया उमेश पाल हत्याकांड के बाद थे बरामद अब्दुल कवि 18 साल से चल रहा था फरार अतीक अहमद और अशरफ का बेहद करीबी और राजू पाल हत्याकांड का मुख्य आरोपी है अब्दुल कवी।

# शारीरिक दिव्यांग छात्रों हेतु कक्षा 1 से 9 तक प्रवेश प्रारम्भ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** प्रयास राजकीय अक्षम विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रयास राजकीय शारीरिक रूप से अक्षम बालकों का उ0मा0 विद्यालय प्रतापगढ़ (निकट भंगवा चुंगी) में शारीरिक दिव्यांग छात्रों के लिये शिक्षा सत्र 2023-24 में कक्षा 1 से 9 तक प्रवेश प्रारम्भ है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रवेशित दिव्यांग छात्रों को पठन-पाठन, यूनीफार्म, चिकित्सा एवं आवासीय सुविधा निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है। इच्छुक शारीरिक दिव्यांग छात्र जिनकी आयु 06 से 18 वर्ष के बीच हो वे प्रवेश पा सकते है। प्रवेश हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (अभिभावक का) तहसीलदार/सभासद/प्रधान द्वारा जारी, आधार कार्ड की प्रति, अंक पत्र की प्रति/टी0सी0 व चार पासपोर्ट साइज फोटो आवश्यक है। प्रवेश हेतु मोबाइल नम्बर 9305127300, 8787078953 व 7668362695 पर सम्पर्क कर सकते है।

# गुड फ्राइडे की तैयारी शुरू सजाए जा रहे गिरजाघर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** पाम संडे मनाने के बाद अब मसीही समुदाय के लोगों ने गुड फ्राइडे की तैयारी शुरू कर दी है। गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना का आयोजन हो रहा है। चर्च के सदस्य जहां प्रभु यीशु के संदेश वाले गीतों की प्रस्तुतिकरण का रिहर्सल कर रहे हैं वहीं कलीसिया के सदस्य प्रभु संदेश का पाठ कर रहे हैं। गुड फ्राइडे से पहले गुरुवार को गिरजाघर कैंपस में प्रभु भोज का आयोजन होगा। सभी चर्च में इसकी तैयारी हो गई है। गुड फ्राइडेपर मसीही समुदाय के लोग उपवास रखेंगे। ईसाई धर्म के अनुयायी चर्च और घरों में सजावट कर रहे हैं।



# गौहत्या के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्त थाना थरवई पुलिस द्वारा गिरफ्तार

## कब्जे से 01 देशी तमन्चा .315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज। गिरफ्तारी का विवरणः-** थाना थरवई में पंजीकृत मु0अ0सं0 88/2023 धारा 419/420/467/468/471/120बी भा0दं0सं0 व 3/




5/8 गोवध निवारण अधि0 व 11 (घ) पशु क्रूरता निवारण अधि0 में प्रकाश में आये अभियुक्तगण (1) रिजवान पुत्र सलीम उर्फ सल्लम नि0 नौगवां थाना शहजादनगर जनपद रामपुर (2) लवकुश तिवारी पुत्र स्व0 राजेन्द्र प्रसाद तिवारी नि0 शुकुलपुरवा बिन्द्रा बाजार थाना विश्वेश्वरगंज जनपद बहराइच को थाना थरवई पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत यादव ढाबा के बगल बाग बहद ग्राम देवरिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त रिजवान उपरोक्त के कब्जे से 01 देशी तमन्चा .315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर की बरामद की गयी। अवैध तमंचा की बरामदगी के सम्बन्ध में थाना थरवई में मु0अ0सं0 100/2023 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। **घटना का संक्षिप्त विवरणः-** दिनांक 23.03.2023 को समय करीब 05.00 बजे प्रातः थाना थरवई क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग मनसैता नदी पुल के पास लखरांवा गांव मे एक कन्टेनर के द्वारा ट्रक मे टक्कर मार दिया गया है जिससे कन्टेनर पलट गयी है जिसकी सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तो कन्टेनर मे कुल 20 राशि गोवंश लदे हुए थे, जिनको बाहर निकाला गया तो 16 गौवंशो की मृत्यु हो चुकी थी तथा 04 गौवंश जीवित थे। उक्त घटना के क्रम मे श्री विष्णु दुबे (स्वामी जी ) विश्वहिन्दू परिषद विभाग मंत्री गौरक्षा प्रयागराज निवासी देवरिया थाना थरवई जनपद प्रयागराज की तहरीरी सूचना पर थाना थहवई में मु0अ0सं0 88/2023 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधि0 व 11 (घ) पशु क्रूरता निवारण अधि0 बनाम असद अली पुत्र स्व0 नन्हे निवासी देवरिया थाना थरवई जनपद प्रयागराज व 4-5 व्यक्ति अज्ञात के पंजीकृत किया गया था। **गिरफ्तार अभियुक्त-** (1) रिजवान पुत्र सलीम उर्फ सल्लम नि0 नौगवां थाना शहजादनगर जनपद रामपुर (2) लवकुश तिवारी पुत्र स्व0 राजेन्द्र प्रसाद तिवारी नि0 शुकुलपुरवा बिन्द्रा बाजार थाना विश्वेश्वरगंज जनपद बहराइच **बरामदगी-** 01 देशी तमन्चा .315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर **अभियोग का विवरणः-** मु0अ0सं0 100/2023 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना थरवई , कमिश्नरेट प्रयागराज। **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-** व0उ0नि0 राजीव कुमार श्रीवास्तव थाना थरवई, कमिश्नरेट प्रयागराज उ0नि0 राहुल कुमार थाना थरवई, कमिश्नरेट प्रयागराज उ0नि0 सोहराब अहमद थाना थरवई, कमिश्नरेट प्रयागराज कां0 राघवेन्द्र यादव थाना थरवई, कमिश्नरेट प्रयागराज का0 हरिओम यादव थाना थरवई, कमिश्नरेट प्रयागराज।

# बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** यमुनापार बारा क्षेत्र के मैदा मोड़ के पास की है जहां पर तेज रफ्तार एक्सयूवी कार ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी जिस से एक बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा तीनों घायल युवकों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है बताया गया कि टक्कर मारने वाली कार मध्य प्रदेश की है तथा बाइक सवार युवक बारा थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले हैं।



# राष्ट्रीय आपदा चेतावनी पोर्टल (सचेत) एवं मोबाइल एप उपयोगी सिद्ध होगा-एडीएम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा ''राष्ट्रीय आपदा चेतावनी पोर्टल (सचेत)'' एवं मोबाइल एप का विमोचन किया गया है। राष्ट्रीय आपदा चेतावनी पोर्टल (सचेत) पर आपदाओं से सम्बन्धित प्रारम्भिक चेतावनी/अलर्ट का प्रसारण अलर्ट जनरेटिंग एजेंसियों यथा आईएमडी, सीडब्लूसी, आईएनसीओआईएस, डीजीआरई, एफएसआई आदि द्वारा किया जाता है जिसके माध्यम से आपदा से सम्बन्धी चेतावनियॉ विशेष स्थान पर भी उपलब्ध करायी जा सकती है। आपदाओं से निपटने हेतु प्रभावी मंत्र को विकसित करने के लिये राष्ट्रीय आपदा चेतावनी पोर्टल (सचेत) एवं मोबाइल ऐप बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। यह मोबाइल ऐप गूगल प्ले और एपल ऐपस्टोर पर उपलब्ध है। राष्ट्रीय आपदा चेतावनी पोर्टल एवं मोबाइल ऐप (सचेत) एंड्रॉइड के लिय तथा आईओएस के लिये है।

# जनपद में 30 मई तक निषेधाज्ञा लागू-अपर जिला मजिस्ट्रेट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** दिनांक 07 अप्रैल को गुड फ्राइडे,14 अप्रैल को डा0 अम्बेडकर जन्म दिवस, 21 अप्रैल को रमजान का अन्तिम जुमा (शुक्रवार), 22 अप्रैल को ईद व 05 मई को बुद्ध पूर्णिमा का त्योहार मनाया जायेगा।इसके अतिरिक्त इस दौरान 24 अप्रैल को बी0एड्0 प्रवेश परीक्षा 2023 व पी0सी0एस0 प्री-2023 आदि विभिन्न परीक्षायें सम्पन्न होनी है। प्रशासन ने इसे दृष्टिगत कर जनपद में 5 मई तक निषेधाज्ञा लागू कर दिया है।अपर जिला मजिस्ट्रेट त्रिभुवन विश्वकर्मा ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अन्तर्गत जनपद में 30 मई 2023 तक निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। यह आदेश जनपद के सम्पूर्ण क्षेत्र एवं जनपद में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी होगा।उन्होंने बताया कि एक स्थान पर 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों का विधि विरूद्ध जमाव प्रतिबन्धित किया जाता है। त्योहार के पावन पर्व पर कोई नई परम्परा नही कायम की जायेगी। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थानों पर रिवाल्वर, पिस्टल, एक नली बन्दुक व दो नली बन्दूक अथवा घातक हथियार यथा चाकू, बल्लम, फरसा, विस्फोटक, ज्वलनशील पदार्थ, तेजाब आदि अथवा लाठी, डंडा, हाकी स्टिक आदि या किसी भी प्रकार का हथियार/शस्त्र लेकर नही चलेगा, न तो उसका प्रयोग करेगा। यह प्रतिबन्ध सरकारी ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी तथ बैंक में लगे हुये सुरक्षा कर्मियों पर लागू नहीं होगा। शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को उनके सहारे के रूप में लाठी या डंडा लेकर चलने की छूट रहेगी। किसी भी सार्वजनिक धार्मिक स्थल पर डीजे, गीत-संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों से अधिक नही होगी व लाउडस्पीकर का प्रयोग किसी भी दशा में इस प्रकार से नही किया जायेगा जिससे विभिन्न सम्प्रदाय के लोगों में उत्तेजना फैलने की सम्भावना हो। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह किसी भी सार्वजनिक, धार्मिक स्थल पर कोई ऐसी जनसभा, रैली या जुलूस का आयोजन नही किया जायेगा और न ही किसी प्रकार की अफवाह फैलायी जायेगी जिससे विभिन्न समुदाय के लोगों में मनमुटाव, वैमनस्यता या घृणा की भावना उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह कोई ऐसी आलोचना नहीं करेगा जिसकी सत्यता स्थापित न हुई हो या तोड-मरोड़ कर कही गयी बातों पर आधारित हो एवं जातीय या साम्प्रदायिक भावनाओं की दुहाई नहीं देगा। मजिस्दों, गिरिजाघरों,मन्दिरों या अन्य पूजा स्थलों को सभा स्थल के रूप में प्रयोग नहीं किया जायेगा और न ही इन स्थानों से जुलूस या रैली निकाली या समाप्त की जायेगी। कोई भी व्यक्ति, व्यक्तियों का समूह किसी प्रकार की नारेबाजी,उत्तेजना फैलाने वाले या सम्प्रदायिक सद्भाव विगाड़ने वाले प्रचार नहीं करेगा। परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 200 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यन्त्रों, ब्लूटूथ एवं आई0टी0 गैजेट्स सहित इसी प्रकार की अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह परीक्षाओं को सकुशल तथा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराये जाने में न तो किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करेगा और न ही ऐसी कोई कार्यवाही करेगा।

# निर्वाचक नामावली में परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की कार्यवाही की जाएगी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (न0नि0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया कि नगरीय निकाय निर्वाचक नामावली 2022 में परिवर्धन, संशोधन तथा विलोपन की कार्यवाही के सम्बन्ध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा-12च में प्रावधान किया गया है। इसमें बताया गया कि जहॉं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का चाहे उसको दिये गये किसी आदेश पत्र पर या स्वप्रेरण से ऐसी जांच करने के पश्चात् जिसे वह उचित समझे, यह समाधान हो जाय कि निर्वाचक नामावली की कोई प्रविष्टि सुधारी या निष्कासित की जानी चाहिये या रजिस्ट्रीकरण के लिये हकदार किसी व्यक्ति का नाम निर्वाचक नामावली में परिवर्धन किया जाना चाहिये, वहां वह इस अधिनियम और उसके अधीन बनाये गये नियमों और दिये गये आदेशों के अधीन रहते हुये किसी प्रविष्टि का यथास्थिति निष्कासन, सुधार या परिर्विधन करेगा। परन्तु ऐसा कोई सुधार या निष्कासन जो किसी व्यक्ति के हित पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला हो उसके विरूद्ध प्रस्तावित कार्यवाही के सम्बन्ध में सुनवाई का समुचित अवसर दिये बिना नहीं किया जायेगा, किन्तु प्रतिबन्ध यह भी है कि ऐसा कोई सुधार, निष्कासन या परिवर्धन, कक्ष के किसी निर्वाचन के लिये नाम निर्देशन होने अन्तिम दिनांक के पश्चात् और उस निर्वाचन के पूरा होने के पूर्व नहीं किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने आयोग के निर्देश के क्रम में समस्त उपजिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (न0नि0), समस्त तहसीलदार/अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (न0नि0) को निर्देशित किया है कि उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा-12च के प्रावधानों के अन्तर्गत नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 की अधिसूचना निर्गत होने से पूर्व तक जो दावे एवं आपत्तियॉ प्राप्त होंगी, उनका निस्तारण करते हुये नामांकन के अन्तिम दिनांक तक निर्वाचक नामावली में परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की कार्यवाही की जायेगी।

# नर्सिंग होम,क्लीनिक तथा पैथालाजी सेन्टर संचालक करायें नवीनीकरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया है कि जनपद के समस्त निजी चिकित्सालय,नर्सिंग होम, क्लीनिक तथा पैथालाजी सेन्टर संचालक अपने-अपने चिकित्सा संस्थान के नवीनीकरण हेतु आवेदन दिनांक 30 अप्रैल 2023 के पूर्व ल्ज् र्पैंूप्.ग्ह पर करना सुनिश्चित कर लें।30 अप्रैल के उपरान्त कोई भी आवेदन नवीनीकरण हेतु स्वीकार नही किया जायेगा।चिकित्सा संस्थान का पंजीकरण निरस्त मानते हुये नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।



आधुनिक समाचार
हिन्दी दैनिक



# हाईटेंशन के चिंगारी से लगभग 50 वीघा गेहु खडी फसल राख

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**रसडा (बलिया)।** तहसील क्षेत्र अन्तर्गत नगहर गांव मे बुधवार को सुबह लगभग 9 बजे के हाईटेंशन के तार टूट कर गिरने आपस मे तार टक्कराने से निकली चिंगारी से खेत मे गेंहू की खडी फसल जलकर राख हो गयी। हाईटेंशन के तार टूटकर गिर जाने से लगी आग की खबर सुनते ही गांव वाले पहुंचे आग बुझाने का अथक प्रयास कर रहे थे देखते देखते आग इतना बिकराल रूप धारण कर लिया कि एक दर्जन से अधिक किसानो का पच्चास बीघा गेहु का खडी फसल जलकर राख हो गया बताते है कि नगहर निवासी शम्भू सिह, डब्बू सिह, मनजीत सिह, हिटलर सिह, बिरेन्द्र तिवारी हेमन सिह, मुन्ना सिह, हरिनाम सिह,शंकर वर्मा सूर्य नाथ सिंह गम्भीर सिह भगत सिंह दीनानाथ सिंह, सर्वनाथ सिंह, शंकर, वीरेंद्र, कैलाश ठाकुर, रमेश सिंह, सुरेश, बिहारी सिंह, भरत सिंह, घनश्याम सिंह, भरत, सहित अन्य किसानों की फसलें जलकर राख हो गईं। सैकड़ों ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड के अथक प्रयास के बाद लगभग दो घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। ग्राम प्रधान प्रभात कुमार ने प्रशासन से पीड़ित किसानों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराने की मांग की है।



# उमेश पाल हत्याकांड : शाइस्ता परवीन की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई आज, 25 हजार का है इनाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी शाइस्ता परवीन की शाइस्ता के वकीलों ने उनकी गिरफ्तारी के बचाव में यह अर्जी दाखिल की थी। शाइस्ता फिलहाल



अग्रिम जमानत अर्जी पर आज गुरुवार को सुनवाई होगी। सोमवार को शाइस्ता की तरफ से नए अधिवक्ता का वकालतनामा दाखिल हुआ था। उस पर आपत्ति के लिए कोर्ट ने समय देते हुए 6 अप्रैल की तिथि तय कर दी थी। फरार चल रही हैं।गौरतलब है कि, उमेशउपाल शूटआउट मामले में फरार शाइस्ता परवीन पर पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित किया है। शाइस्ता पर शूटआउट की साजिश रचने और शूटरों की मदद करने का आरोप है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।**हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज में सप्तदिवसीय शिविर का समापन माँ सरस्वती के अर्चन-नन्दन से प्रारंभ हुआ।सर्व प्रतापगढ़ ने अपने उद्द्बोधन मे कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक को जहाँ जीवन जीने की कला सिखाती है,वहीं उनका चतुर्दिक विकास भी करती है। अध्यक्षता आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इसी क्रम में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के छात्र- छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र मुख्य अतिथियों के हाथों दिए गए।मेडल पाकर शिक्षार्थी आह्लादित




प्रथम आये हुए अतिथियों ने माँ सरस्वती के ऊपर माल्यार्पण किया,तदुपरांत प्रोफेसर डॉ0शैलेन्द्र कुमार मिश्र प्राचार्य हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज ने सभी मुख्य अतिथियों,पत्रकार बंधुओं, समाजसेवियों,का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की राष्ट्र निर्माण में क्या भूमिका है पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विगत दो वर्षों में शिविर की जो भूमिका रही है उसको भुलाया नहीं जा सकता।उन्होंने कहा कि शिविर का कार्य एवं व्यवहार देश व समाज के लिए सराहनीय रहा है। मुख्य अतिथि के रूप पधारे डॉ0अरविंद कुमार गुप्ता अधीक्षक समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज कर रहे डॉ0वीरेंद्र कुमार मिश्र ने अपने उद्द्बोधन मे कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना आज की बड़ी मांग हैं, जिससे स्वयंसेवक स्वयं से लेकर समाज को एक नई दिशा दिखाने में सर्वोत्तम भूमिका का निर्वाह कर रहा है।स्वयंसेवकों को बहुआयामी व्यक्तित्व प्रदान करने की प्रेरणा दी।विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ0राम शिरोमणि त्रिपाठी उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी अमेठी ने कहा कि स्वयंसेवक बनना आसान नही है,सेवा करना बड़ा कठिन काम है।इसलिये सेवक बन कर रहना है।समाज को एक नई दिशा स्वयंसेवक को दिखानी होगी।कार्यक्रम में कई विद्वानों ने अपने ज्ञान स्रोत से स्वयंसेवक को हुए।डॉ0निशान्त पांडे,डॉ0 वाचस्पति मिश्र,डॉ0जितेंद्र, डॉ0शिवकुमार,डॉ0अभिषेक पांडे,डॉ0संतोष मिश्र,डॉ0गंगाधर मिश्र,डॉ0श्याम नारायण तिवारी, डॉ0प्रियंका शुक्ला,अरविंद मौर्या,मयंक सिंह,वङ्का घोष ओझा,गोविंद आदि ने शिविरार्थियों को अग्रणी बनने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी-डॉ सीमा त्रिपाठी ने किया।आभार-कार्यक्रमाधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।यह सूचना कालेज जनसूचनाधिकारी डॉ0फणीन्द्र नारायण मिश्र ने दी।

# ए डी ए के मुख्य चौराहे पर एक्सीडेंट से पी डब्लू डी ने झाड़ा पल्ला कहा पी डी ए की ज़िम्मेदारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** हाईवे और मुख्य मार्गों पर अक्सर एक्सीडेंट देखने को मिलेंगे। जिसकी जानकारी मिलते ही पुलिस एवं सड़क परिवहन विभाग या पी डब्लू डी हरकत में आ जाते है । किसी जगह पर एक्सीडेंट की ज़्यादा संभावनायें होती है वहाँ पर अक्सर गति रोधक या सावधान का बोर्ड देखने को मिलता है परंतु किसी मोहल्ले या मार्केट के किसी मुख्य इलाक़े या चौराहे पर यदि बार बार एक्सीडेंट होते है तो इसकी सुनवाई करने वाला कोई नहीं होता। आधुनिक समाचार की मुहिम से ए डी ए कॉलोनी के डी ब्लॉक के मुख्य ए टू जेड चौराहे पर अक्सर एक्सीडेंट की घटनायें सामने आने पर ठोस कदम उठाये गये। आधुनिक समाचार की तरफ़ से किए गये कई बार के ट्वीट पर पी डब्लू डी ने अपना पल्ला झाड़ते हुए ये कहा कि पी डब्लू डी का इन हो रहे एक्सीडेंट में कोई रोल नहीं है इसकी सारी जिम्मेदारी पी डी ए की है । कई बार की कंप्लेंट और ट्वीट के बाद भी पी डी ए की तरफ़ से कोई सुध नहीं ली गई। इलाक़े में हर हफ़्ते दो से तीन एक्सीडेंट की सूचना मिलती रहती है ।


# बलिया मे खूनी रिश्ते हुए कलंकित 3 साल की मासूम बच्ची से कलयुगी चाचा ने किया दुष्कर्म



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।**।कलयुगी की इस दौर मे अब इंसान जानवर से भी बदतर होता जा रहा है।जिसके कारण खूनी रिश्ते भी कलंकित होते जा रहे है।ऐसे ही एक हृदय विदारक घटना उत्तर-प्रदेश के बलिया जिले मे देखने और सुनने को मिली है।जहा खूनी रिश्ते मे चाचा लगने वाले युवक ने अपनी ही तीन साल की अबोध व मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म कर अपनी मुंह समाज मे काला कर इस पवित्र रिश्ता को भी कलंकित कर दिया।पुलिस ने पीड़िता अबोध बच्ची के परिजनो की शिकायत पर मामले मे आरोपी कलंकित चाचा को गिरफ्तार कर जेल की सलाखो मे भेज दिया मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के जनपद बलिया की भीमपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्ते मे चाचा ने महज तीन वर्षीय बच्ची के साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता के मां के तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया और आरोपी दुष्कर्मी मनीष कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़िता बच्ची का देर शाम सीयर सीएचसी अस्पताल में इलाज करवाया। जिसके बाद क्षेत्र में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। घटना 27 मार्च की बताई जा रही है। बताया जाता है कि अपने घर के बाहर ही तीन वर्षीय बच्ची खेल रही थी, इसी बीच पड़ोस में रहने वाला रिश्ते में चाचा लगने वाले किशोर ने बच्ची को गोद में उठा लिया और पास के मड़ईनुमा झोपड़ी में चला गया। जहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। इस बीच बच्ची चीखने चिल्लाने लगी। जिसके कारण दुष्कर्मी मौके से फरार हो गया। इधर बच्ची के चिल्लाने पर लोगों की भीड़ जुट गई। मासूम बच्ची की हालत देख दुष्कर्म का खुलासा हुआ इस बीच दुष्कर्म की इस मामले को लेकर गांव में कई दिनो तक पंचायत भी हुआ। किन्तु पंचायत मेरे यह मामला सुलझ नही पाया और यह मामला पुलिस तक पहुंच गया। पीड़िता की मां ने घटना के सात दिन बाद 3 अप्रैल को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। जिसके बाद रसड़ा सीओ मो0 फहीम ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया।इस दौरान पुलिस उपअधीक्षक ने भीमपुरा के प्रभारी इंचार्ज को दुष्कर्मी को दबोचने का निर्देश दिया। जिसके बाद पुलिस ने आनन फानन में 3 मार्च को ही दुष्कर्मी को गांव के ही एक घर से दबोच लिया। पुलिस ने पीड़िता बच्ची का 3 मार्च की रात में ही सीयर सीएचसी पर जिसे पुलिस ने मंगलवार को संबंधित धाराओं में निरुद्धकर न्यायालय के सुपुर्द कर दिया।

# गुड फ्राइडे पर गिरजाघरों में हुई प्रार्थना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** मसीहीसमुदाय के लोगों ने गुड फ्राइडे की तैयारी पूरी कर ली है। गुरुवार को सभी गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना का आयोजन हुआ, साथ ही प्रभु यीशु की याद में प्रभु भोज का आयोजन रखा गया। गुड फ्राइडे पर मसीही समुदाय के लोग उपवास रहे। ईसाई धर्म के अनुयायी चर्च और घरों में सजावट किए थे।



शहर के पत्थर गिरजाघर, सेंटजोसफचर्च, लालगिरजाघर, कटरा चर्च, सेंट जॉन चर्च, नैनी चर्च, म्योराबाद गिरजाघर आदि में प्रार्थना शुरू हो गई है। गुरुवार को आयोजित प्रभु भोज में चर्च समिति के सदस्यों के अलावा मसीही समुदाय के लोगों को बुलाया गया, साथ ही गरीबों को भोजन बांटा गया।

# अतीक अहमद को तिहाड़ जेल भेजने की तैयारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।**उमेश पाल अपहरण केस में माफिया अतीक अहमद को उम्रकैद की सजा के बाद अब यूपी पुलिस जहां एक तरफ हत्याकांड में पूछताछ की तैयारी कर रही है। इसके लिए यूपी पुलिस उसे प्रयागराज लाने का प्लान बना रही है। तो इसी बीच अतीक अहमद की जेल बदलने की कवायद भी शुरू हो गई सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल करके अतीक अहमद की जेल बदली जाएगी। इसके लिए यूपी पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी थी। जल्द की सुप्रीम कोर्ट यूपी सरकार की तरफ से अर्जी दाखिल की जा सकती है। ऐसी अटकलें हैं कि माफिया अतीक अहमद को साबरमती जेल से हटाकर तिहाड़ जेल में रखा जाएगा। इसके लिए जरूरी दस्तावेजी कार्रवाई शुरू हो गई है।





# अतीक़ के फ़रार गुर्गे असाद कालिया ने वकील से मांगी 10 लाख की रंगदारी

## विरोध किया तो कनपटी पर सटा दी पिस्टल कहा-उमेश पाल की तरह मारेंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** माफिया अतीकअहमद के फरार चल रहे गुर्गे असाद कालिया ने एक वकील से 10 लाख की रंगदारी मांगी है। साथियों के साथ आकर प्लाट के बारे में पूछ-ताछ करने लगा। वकील के आरोप है कि उसने कहा कि रामपुर की सभी जमीन हमारी व असाद कालिया की है। अगर यहां





आरोप है कि वकील अपने रिश्तेदार के एक प्लॉट पर कंस्ट्रक्शन करवाने की तैयारी में थे। उसी वक्त कालिया के गुंडे उनके पास आए। उन्हें धमकी दी गई कि 10 लाख दे दो, नहीं तो उमेश की तरह मारवा देंगे इस मामले में करेली थाने में तहरीर सौंपी गई है। खुल्दाबाद के हिम्मतगंज में रहने वाले वकील रईस अहमद ने करेली पुलिस को तहरीर दी जिसमें कहा गया कि वह अपने छोटे भाई मोहम्मद अहमद के साथ अपने साले के करेली स्थित प्लाट को देखने गए थे। वहां निर्माण कार्य शुरू करना है। तभी वहां दामूपुर निवासी एक व्यक्ति अपने चार कोई जमीन पर काम करता है तो चकिया निवासी असाद को दस लाख रुपये की रंगदारी देना होगा। इस दौरान उनकी असाद कालिया से फोन पर बात भी करवाई गई। आरोप है कि वकील के विरोध करने पर उनकी कनपटी पर रिवाल्वर सटाकर धमकी दी कि जैसे बंगाली को मारकर फेंका गया है। उसी तरह तुमको भी मारकर फेंक दिया जाएगा।पीड़ित वकील का कहना है कि घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई। करेली थाना प्रभारी ने बताया कि वकील की तहरीर मिली है।



# भारतीय टीम के पूर्व ओपनर का हुआ निधन, शोक में डूबा क्रिकेट जगत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व ओपनर और जहीर खान के कोच सुधीर नाइक का बुधवार को मुंबई के अस्पताल में निधन हो गया। जबकि इस टीम में सुनील गावस्कर, अजित वाडेकर, दिलीप सरदेसाई और अशोक मांकड जैसे दिग्गज नहीं खेल रहे थे। उल्लेखनीय है कि जब 1972 रणजी सीजन शुरू गावस्कर ने अपनी किताब 'सनी डेज' में लिखा भी कि नाइक को मजिस्ट्रेट के सामने माफी नहीं मांगनी चाहिए थी और अच्छे वकील के साथ लड़ना चाहिए था। नाइक





1974 में भारत के लिए तीन टेस्ट मैच खेलने वाले नाइक के निधन की पुष्टि मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के सूत्रों ने की है। सुधीर नाइक 78 वर्ष के थे और अपनी बेटी के साथ रह रहे थे। सुधीर नाइक की नियमित स्वास्थ्य जानकारी रखने वाले मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के सूत्र ने कहा, 'हाल ही में सुधीर नाइक अपने घर के बाथरूम में गिर गए थे और उनके सिर में चोट लगी थी। इसके बाद उन्हें मुंबई अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वो कोमा में गए और फिर ठीक नहीं हो सके।' सुधीर नाइक मुंबई क्रिकेट में काफी सम्मानित व्यक्ति थे। मुंबई को बनाया चैंपियन नाइक ने अपनी कप्तानी में मुंबई को रणजी ट्रॉफी चैंपियन बनाया था। नाइक ने 1970-71 में टीम को अपनी कप्तानी में रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाया था हुआ तो नाइक को ही प्लेइंग 11 से बाहर कर दिया गया क्योंकि सभी प्रमुख बल्लेबाज टीम में लौट आए थे।1974 में सुधीर नाइक भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर गए और अपना टेस्ट डेब्यू किया। बर्मिंघम में दूसरी पारी में नाइक (77) ने अर्धशतक जमाया, लेकिन टीम की हार को नहीं टाल सके। उन्होंने 85 फर्स्ट क्लास गेम्स खेले और 35 से ज्यादा की औसत से 4376 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने सात शतक जमाए, जिसमें एक दोहरा शतक शामिल है। इज्जत पर लगा दाग हालांकि, 1970 के समय में बीसीसीआई काफी कमजोर हुआ करता था और उस दौरान सुधीर नाइक पर लंदन डिपार्टमेंटल स्टोर से दो जोड़ी मोजे चुराने का गलत आरोप लगा था। वो इसका बचाव नहीं कर सके थे। सुनील पर गलत आरोप लगाकर उनकी इज्जत पर दाग लगाया गया था।सुधीर नाइक ने इस सदमे से दमदार वापसी की और अर्धशतक जमाया। मगर भारतीय क्रिकेट में षड़यंत्र का शिकार हुए नाइक का अंतरराष्ट्रीय करियर 1974 से आगे नहीं बढ़ सका। जहीर खान को दी कोचिंग सुधीर नाइक ने क्रिकेट करियर के बाद कोचिंग करना शुरू की और जहीर खान का करियर संवारा। नाइक ही जहीर खान को मुंबई लेकर आए और उन्हें एक्सपोजर दिया। जहीर खान श्रीरामपुर के रहने वाले थे और इंजीनियरिंग करना चाहते थे। नाइक ने उनकी प्रतिभा पर विश्वास किया और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को निखारा।नाइक मुंबई चयन समिति के चेयरमैन भी रहे और बाद में वानखेड़े स्टेडियम में मुफ्त में क्यूरेटर के रूप में काम भी किया।

# इस ओवर में राजस्थान के हाथ से फिसला मैच, करोड़पति बॉलर ने पलटी बाजी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** रोमांच से भरपूर मुकाबले में पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को सीजन की पहली हार का स्वाद चखाया। बल्लेबाजों के बाद अपने गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बूते पंजाब किंग्स ने 5 रनों से मैदान मारा। पल-पल बदलते मुकाबले में पंजाब से मिले 198 रनों के लक्ष्य के जवाब में आखिरी ओवर में जीत के लिए 16 रनों की दरकार थी और क्रीज पर शिमरॉन हेटमायर और जुरेल पूरी तरह से सेट थे। जुरेल ने पारी के 19वें ओवर में अर्शदीप सिंह की गेंदबाजी के खिलाफ 18 रन कूटे थे और हर किसी को राजस्थान की जीत पक्की लग रही थी। हालांकि, 18.5 करोड़ में बिकने वाले इंग्लैंड के गेंदबाज सैम



राजस्थान की टीम 192 रन ही बना सकी। पंजाब की ओर से नाथन एलिस ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चार अहम विकेट चटकाए। वहीं, बल्लेबाजी में कप्तान शिखर धवन ने 86 रनों की दमदार पारी खेली। राजस्थान की टीम मैच में आखिरी ओवर तक बनी हुई थी, लेकिन पंजाब के करोड़पति गेंदबाज ने लास्ट ओवर में कमाल की बॉलिंग करते हुए अपने ऊपर खर्च हुई रकम को सही साबित कर दिया। राजस्थान रॉयल्स की टीम को करन कुछ और ही तय करके आए थे। सैम करन ने पहली दो गेंदों पर सिर्फ तीन रन खर्च किए। करन द्वारा बनाए गए प्रेशर के चक्कर में हेटमायर ने ओवर की तीसरी गेंद पर दो रन चुराने की कोशिश की और वह रनआउट हो गए। यह वो पल था, जहां से पंजाब को जीत की खुशबू आ गई थी। करन ने चौथी और पांचवीं बॉल पर भी एक-एक रन खर्च किया और पंजाब की जीत पर मुहर लगा दी। आखिरी गेंद पर जुरेल ने चौका जमाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

# हमें बेहतर तैयारी की जरूरत', मैच हारने के संजू सैमसन का दिखा कूल रूप; जुरेल की कर दी तारीफ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 16वें सीजन में पंजाब किंग्स ने बेहतरीन शुरुआत की है। गुवाहाटी में खेले गए 8वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट हराकर दूसरी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने 197 रन बनाए थे। राजस्थान 20 ओवर में 7 विकेट पर 192 रन ही बना सका। हार के बाद संजू सैमसन ने टीम का हौसला बढ़ाया। मैच खत्म होने के बाद संजू सैमसन ने कहा, ठईमानदारी से कहूं तो यह बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा विकेट था। नई गेंद के साथ ज्यादा हलचल नहीं थी और उन्होंने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। हमारे गेंदबाजों ने इस विकेट पर विविधताओं का इस्तेमाल किया और मुझे लगा कि हमने उन्हें 197 तक सीमित करके अच्छा किया है।जुरेल की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा, ठकोचों ने उसके पीछे बहुत काम किया है। हमारे पास आईपीएल से पहले एक सप्ताह का वर्क वीक कैंप था। जिस तरह से वह आगे बढ़े हैं, उससे मैं खुश हूं। मैं दूसरी पारी में ओस आने की उम्मीद कर रहा था, लेकिन यह स्पष्ट था कि यह शुरुआत से ही था। हमें अगले गेम में इस तरह की चीजों के लिए बेहतर तैयार रहने की जरूरत है। बता दें कि टॉप ऑर्डर के फेल होने के बाद अंत में हेटमायर और जुरेल ने 26 गेंद पर 61 रन की साझेदारी की। एक समय ऐसा लगा कि ये दोनों बल्लेबाज राजस्थान को मैच जिता दें, लेकिन आखिरी ओवर में हेटमायर के आउट होन के बाद बाजी पलट गई। सैम करन ने 20वें ओवर में मात्र 9 रन खर्च किए और राजस्थान 5 रन से मैच हार गया।



# मैच जीतने के बाद शिखर धवन का दिखा बड़बोलापन कहा- मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा हूं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 16वें सीजन में पंजाब किंग्स ने बेहतरीन शुरुआत की है। गुवाहाटी में खेले गए 8वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट हराकर दूसरी जीत दर्ज की। कप्तान शिखर धवन ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 86 रन बनाए। वहीं, काम किया। हमने जो स्कोर बनाया, उससे मैं खुश था। उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की और बहुत अच्छी यॉर्कर फेंकी। नेथन आए और विकेट लिए। हमने कभी भी खेल को अपने हाथ से नहीं जाने दिया।ठ शिखर ने आगे कहा, ठकुछ ऐसे क्षण थे जो कठिन थे, लेकिन मुझे लगता है कि यह एक बेहतर टीम प्रयास गेंदबाजी करेगी। उन्होंने कुछ अच्छे ओवर भी किए, लेकिन हमने अपने इरादे और आक्रामकता को बरकरार रखा। गौरतलब हो कि शिखर और प्रभसिमरन ने मिलकर पहले विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी की। प्रभसिमरन ने बेखौफ अंदाज में बल्लेबाजी की।



प्रभसिमरन ने 60 रन बनाए। उसके बाद नेथन एलिस ने चार ओवर में 30 रन देते हुए चार विकेट चटकाए। मैच खत्म होने के बाद पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने कहा, ठकुछ नर्वस के क्षण थे, लेकिन मैं शांत था और गेंदबाजों के साथ भी ऐसा ही था। काफी ओस थी। गेंदबाजों ने शानदार था। इन दो मैचों में हमने अच्छी शुरुआत की है और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा हूं। इस साल हमारे पास एक गहरी बल्लेबाजी लाइनअप है, इसलिए हम दूसरी टीम पर दबाव बना रहे हैं। आपको इस बात का सम्मान करना होगा कि दूसरी टीम भी खेलने के लिए आई है और एक समय ऐसा लगा कि पंजाब 200 के पार का स्कोर बनाएगी, लेकिन राजस्थान के गेंदबाजों ने वापसी। बीच के ओवरों में विकेट लेकर पंजाब पर दबाव बनाए। हालांकि, मैच पंजाब के पक्ष में रहा। इस जीत के साथ पंजाब ने टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज की।

# बंगाल टाइगर्स की चुनौती को तैयार आरसीबी इस प्लेइंग इलेवन के साथ टकरा सकती है केकेआर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के 9वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर गुरुवार, 6 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ प्रभावशाली जीत के साथ अपने आईपीएल अभियान की शुरुआत की थी। वहीं, केकेआर को पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था।फाफ डु प्लेसिस और विराट कोहली बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। गेंदबाजी डिपार्टमेंट को आरसीबी बेहतर करना चाहेगी। दूसरी ओर, कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। पंजाब किंग्स के खिलाफ हार से उनका मनोबल डगमगाया हुआ है, लेकिन वह पलटवार करना जानते हैं। उनके पास सुनील नारायण और आंद्रे रसेल की मजबूत जोड़ी है। जो बल्ले और गेंदबाजी दोनों से अपना योगदान दे सकते आईपीएल शुरू होने से पहले ही दोनों टीमों को बड़ा झटका लगा है। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के विकेटकीपर-बल्लेबाज रजत पाटीदार चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। अय्यर की गैरमौजूदगी में टीम की कमान नीतीश राणा संभाल रहे हैं। वहीं, पहले मैच में आरसीबी के रीस टॉपले भी चोटिल हो गए हैं। दूसरे मैच में उनके खेलने की संभावना कम ही लग रही रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की संभावित प्लेइंग 11: फाफ डु प्लेसिस विराट कोहली, माइकल ब्रेसवेल, ग्लेन मैक्सवेल, दिनेश कार्तिक, शाहबाज अहमद, डेविड विली, आकाश दीप, कर्ण शर्मा, मोहम्मद सिराज और हर्षल पटेल।कोलकाता नाइट राइडर्स संभावित प्लेइंग 11: रहमानुल्लाह गुरबाज , वेंकटेश अय्यर, नितीश राणा , मनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह, सुनील नारायण, शार्दुल ठाकुर, टिम साउथी, उमेश यादव और वरुण चक्रवर्ती।

# ईडन गार्डन्स में रहता है बल्लेबाजों का बोलबाला स्पिनर्स की फिरकी भी करती है कमाल


**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 के 9वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की भिड़ंत कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ होगी। आरसीबी ने टूर्नामेंट का आगाज धमाकेदार जीत के साथ किया है, तो केकेआर को पहले मैच में हार का मुंह देखना पड़ा था। कोलकाता की टीम तीन साल के लंबे इंतजार के बाद पहली बार अपने होम ग्राउंड पर उतरेगी। ईडन गार्डन्स के मैदान पर कप्तान नीतीश राणा टीम को पहली जीत का स्वाद चखाना चाहेंगे। वहीं, फाफ डुप्लेसी की अगुवाई वाली बैंगलोर की टीम अपनी शानदार फॉर्म को दूसरे मैच में भी बरकरार रखना चाहेगी। ईडन गार्डन्स के मैदान पर बल्लेबाजों की फुल मौज होती है। कोलकाता के इस ग्राउंड पर जमकर चौके-छक्कों की बरसात होती है। ईडन गार्डन्स मैदान पर बॉल बल्ले पर काफी अच्छे से आती है और आउट फील्ड भी काफी तेज रहती है। हालांकि, स्पिनर्स की फिरकी भी इस ग्राउंड पर खूब चलती है। क्या कहते हैं ईडन गार्डन्स के आंकड़े ईडन गार्डन्स के मैदान पर अबतक कुल 12 टी-20 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 5 में जीत पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को मिली है। वहीं, चेज करने वाली टीम ने 7 मैचों में मैदान मारा है। आईपीएल में इस मैदान पर कुल 77 मैच खेले गए हैं, जिसमें से 45 मैचों में पहले बैटिंग करने वाली टीम ने जीत का स्वाद चखा है, तो 31 मैचों में जीत चेज करने वाली टीम को मिली है। पहली पारी में एवरेज स्कोर इस मैदान पर 155 का रहता है, जबकि दूसरी इनिंग में औसत स्कोर 137 का है।





# राशिफल



**मेष-:** तली-भुनी चीजों से दूर रहें और नियमित व्यायाम करते रहें. घरेलू सुख-सुविधा की चीज़ों पर ज़रूरत से ज़्यादा खर्च़ न करें। पिता का तल्ख बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है।

**वृष-:** जीवन की सभी कठिन परिस्थितियों में आपको अपने माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा. जो लोग प्रेम के मोर्चे पर मायूस महसूस कर रहे हैं।

**मिथुन-:** क्षणिक क्रोध विवाद और दुर्भावना का कारण बन सकता है. मनोरंजन और सौन्दर्य वृद्धि पर आवश्यकता से अधिक समय व्यतीत न करें।

**कर्क-:** आज सभी ग्रह और सितारे आपके पक्ष में हैं, आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी. आज के दिन यात्रा की योजना बन सकती है।

**सिंह-:** आपकी इच्छा शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि आप बहुत उलझी हुई परिस्थितियों से निकलने में क़ामयाब रहेंगे. भावनात्मक फैसले लेते समय अपनी तार्किकता को न छोड़ें।

**कन्या-:** प्रेम के मामले में सफलता मिलेगी. नए कार्यों की शुरुआत करना शुभ रहेगा। आज अपने प्रिय के साथ अपनी व्यक्तिगत भावनाओं और गोपनीय मामलों को साझा करने का सही समय है।

**तुला-:** जो लोग आपके पास कर्ज के लिए आते हैं, बेहतर होगा आप उन्हें नजरंदाज करें. पारिवारिक मोर्चे पर चीज़ें अच्छी रहेंगी और आप अपनी योजनाओं को पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद कर सकते हैं।

**वृश्चिक-:** छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।

**धनु-:** इससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक रोग का रूप लें, आपको उन्हें समाप्त कर देना चाहिए. आप किसी परोपकारी कार्य में हिस्सा लेकर ऐसा कर सकते हैं।

**मकर-:** लंबे समय से चली आ रही दिक्कतों से आज आपको छुटकारा मिल सकता है. आगे बढ़ने के बजाय अपने सभी आगामी कार्यों को पूरा करना ही समझदारी होगी।

**कुंभ-:** भावनात्मक रूप से बहुत अच्छा दिन नहीं रहेगा. आर्थिक समस्याओं के कारण आपको आलोचना और वाद-विवाद का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन-:** आज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, जिसका असर आपके आसपास के लोगों पर भी पड़ेगा. खुद के काम से समय निकालकर परिवार के साथ अधिक समय बिताना संभव नहीं होगा।






# धारण करेंगे 'विराट' अवतार, रसल का आएगा तूफान ईडन गार्डन्स में महफिल लूटेंगे ये 5 प्लेयर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सीजन की सबसे बड़ी भिड़ंत ईडन गार्डन्स के मैदान पर गुरुवार की रात देखने को मिलेगी। टूर्नामेंट



के 9वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ होगा। केकेआर अपने घरेलू दर्शकों के सामने तीन साल के लंबे इंतजार के बाद मैदान पर उतरेगी और टीम की चाहत इस सीजन की पहली जीत दर्ज करने की होगी। दोनों ही टीमों में स्टार खिलाड़ियों की भरमार है। आरसीबी के पास विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी की सलामी जोड़ी है, जो पहले ही मैच में तूफानी बल्लेबाजी का ट्रेलर दिखा चुकी है। वहीं, मैक्सवेल, दिनेश कार्तिक जैसे सरीखे बल्लेबाज भी टीम के पास मौजूद हैं। दूसरी ओर, केकेआर के पास आंद्रे रसेल की ताकत है, तो सुनील नरेन अपनी गेंदों पर बल्लेबाजों को नाच नचाना बखूबी जानते हैं। आइए आपको बताते हैं इस ब्लॉकबस्टर मुकाबले में कौन से होंगे वो पांच खिलाड़ी, जिनका प्रदर्शन तय करेगी इस मैच का नतीजा।कोहली अपना विराट अवतार टूर्नामेंट के पहले ही मैच में दिखा चुके हैं। विराट ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ बल्ले से जमकर तबाही मचाई थी और 49 गेंदों पर नाबाद 82 रन कूटे थे। आरसीबी के पूर्व कप्तान ने इस दौरान 6 चौके और पांच गगनचुंबी छक्के जमाए थे। कोहली को ईडन गार्डन्स का मैदान खूब रास आता है और वह इस समय अपनी प्रचंड फॉर्म में भी हैं। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को पहले मैच में जीत दिलाने में कोहली के साथ कंधे से कंधा मिलाकर फाफ डुप्लेसी चले थे। डुप्लेसी के पास शुरुआत से बड़े शॉट्स लगाने की काबिलियत मौजूद है। फाफ ने मुंबई के खिलाफ 43 गेंदों में 73 रनों की विस्फोटक पारी खेली थी। ऐसे में वह केकेआर के गेंदबाजों की भी जमकर बैंड बजा सकते हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मैच में आंद्रे रसेल ने अपनी बैटिंग का ट्रेलर दिखा दिया था। रसेल ने मात्र 19 गेंदों में 35 रनों की विस्फोटक पारी खेली थी और इस दौरान 3 चौके और दो गगनचुंबी छक्के जमाए थे। आरसीबी के गेंदबाजों के लिए रसेल सबसे बड़ा खतरा होंगे। कैरेबियाई खिलाड़ी को ईडन गार्डन्स का मैदान खूब पसंद है और इस ग्राउंड पर उन्होंने कई मैचों में केकेआर को जीत दिलाई है। केकेआर के नए ओपनर ने पंजाब किंग्स के खिलाफ कुछ दमदार शॉट्स लगाए थे। गुरबाज पावरप्ले के अंदर आरसीबी के बॉलिंग अटैक से जमकर खिलवाड़ करने का माद्दा रखते हैं। गुरबाज की गिनती टी-20 के सबसे विस्फोटक सलामी बल्लेबाजों में होती है और वह कई लीग में अपने बल्लेबाजी का जलवा दिखा चुके हैं। पहले मैच में गुरबाज ने 16 गेंदों पर 22 रन कूटे थे। ईडन गार्डन्स की पिच पर बल्लेबाजों की मौज होती है और ऐसे में गुरबाज इसका फायदा जरूर उठाना चाहेंगे। मोहम्मद सिराज केकेआर के बैटिंग ऑर्डर के लिए सबसे बड़ा खतरा होंगे। सिराज इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं, जिसकी झलक वह पहले ही मैच में दिखा चुके हैं। आरसीबी के गेंदबाज को वैसे भी कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बॉलिंग करना बेहद पसंद आता है। सिराज ने साल 2021 में केकेआर के खिलाफ अपने आईपीएल करियर का सबसे बेस्ट स्पैल भी फेंका था।

## सम्पादकीय

# हिंदूफोबिया पर पहली बड़ी सफलता

अमेरिका के जार्जिया प्रांत की असेंबली में हिंदूफोबिया विरोधी विस्तृत प्रस्ताव सुर्खियां बना तो यह स्वाभाविक है। जिन्होंने विश्व भर में हिंदुत्व और हिंदुओं के विरुद्ध अभियानों पर दृष्टि रखी है, उन्हें इस प्रस्ताव के महत्व का पूरा आभास होगा। हिंदुओं के विरुद्ध दुष्प्रचार के कारण बढ़ती घृणा और आक्रामकता को देखते हुए ही 22 जनवरी, 2022 को संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने हिंदूफोबिया का मामला उठाते हुए कहा था कि हिंदू विरोधी, सिख विरोधी और बौद्ध विरोधी फोबिया चिंता का विषय है और सदस्य देशों को इस पर ध्यान देना चाहिए। भारत ने संयुक्त राष्ट्र को ध्यान दिलाया कि विश्व संस्था ने पिछले कुछ वर्षों में इस्लामोफोबिया, क्रिश्चिनोफोबिया और एंटी-सेमिटिज्म पर तो चर्चा की और तीनों का जिक्र ग्लोबल काउंटर-टेररिज्म स्ट्रेटेजी में भी मिलता है, लेकिन हिंदू विरोधी, बौद्ध विरोधी और सिख विरोधी फोबिया की भी चिंता की जानी चाहिए। हिंदुओं के विरुद्ध दुष्प्रचार, घृणा, विरोध और हमले की घटनाएं अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, जर्मनी सहित कई देशों में सामने आई हैं। अमेरिका का स्थान इनमें सबसे ऊपर है। इस नाते जार्जिया द्वारा इसके विरुद्ध कानूनी पहल महत्वपूर्ण है। हिंदूफोबिया से संबंधित कुछ तथ्य देखें तो इस प्रस्ताव का महत्व ज्यादा स्पष्ट होगा। अमेरिकी संस्था नेटवर्क कंटैजियन रिसर्च इंस्टीट्यूट के सह-संस्थापक और प्रमुख विज्ञान अधिकारी जोएल फिंकेस्टाइन का कहना है कि हिंदू-विरोधी टिप्पणियों में बीते कुछ समय में एक हजार प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसमें नस्लभेदी श्वेत समुदाय और मुस्लिम सबसे आगे हैं। इस संस्थान ने इंटरनेट मीडिया चैनलों के विश्लेषण के आधार पर हिंदुओं के विरुद्ध प्रोपेगंडा का डाटा तैयार किया है। इसके अनुसार अमेरिका, भारत, कनाडा, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और बेल्जियम में हिंदुओं के खिलाफ नफरत फैलाने वालों की संख्या ज्यादा है। अमेरिका में नफरत फैलाने वालों की संख्या में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। संस्था के अध्ययन के अनुसार हिंदुओं और भारतीयों के विरुद्ध घृणा फैलाने में पाकिस्तान की भूमिका बहुत बड़ी है। पाकिस्तान से हर दिन हिंदुओं के विरुद्ध हजारों नफरत फैलाने वाले ट्वीट किए जाते हैं। पश्चिम में बसे पाकिस्तानी मूल के लोगों ने मोदी सरकार के विरोध के नाम पर ऐसे झूठ फैलाए, जिससे लगे कि हिंदू अंधविश्वासी और दूसरे पंथों-मजहबों से घृणा करने वाला समुदाय है। अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं का एक समूह इस हिंदूफोबिया का अगुआ बना हुआ है। अमेरिका में साड़ी पहनने या बिंदी लगाने वाली महिलाओं से लेकर हिंदू धर्म के प्रतीक चिह्न रखने वालों पर हमले हुए हैं। नासा की भारतीय मूल की एक महिला विज्ञानी की सीट के पीछे हिंदू देवता की तस्वीर को हिंदूफोबिया का आधार बना दिया गया। हिंदूफोबिया पश्चिम के अनेक शिक्षा संस्थानों तक पहुंच गया है। यह स्थिति बहुत चिंताजनक है। ऐसी स्थिति में जार्जिया का प्रस्ताव काफी हद तक विरोधियों को कठघरे में खड़ा करने वाला है। इसका एक अंश इस प्रकार है, 'बीते कुछ वर्षों में देश के कई हिस्सों में हिंदू अमेरिकियों के विरुद्ध नफरती अपराध के मामले दर्ज हुए हैं। कुछ शिक्षाविदों ने हिंदूफोबिया को भड़काया है, जो हिंदू धर्म को नष्ट करने का समर्थन करते हैं और इसके पवित्र ग्रंथों एवं सांस्कृतिक प्रभावों पर हिंसा एवं उत्पीड़न को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हैं। हिंदुओं के विरुद्ध कट्टरता से निपटने और हिंदू धर्म के विरुद्ध नफरत फैलाने वाले लोगों की निगरानी की बेहद जरूरत है।' हिंदू धर्म के समर्थन और हिंदूफोबिया के खलनायकों के विरुद्ध इतना आक्रामक प्रस्ताव एक अमेरिकी राज्य से बहुत बड़ी घटना मानी जाएगी। इसमें हिंदू धर्म के बारे में तीन महत्वपूर्ण बातें हैं। एक, हिंदू धर्म दुनिया का बड़ा और सबसे पुराना धर्म है। दो, दुनिया के सौ से ज्यादा देशों में 1.2 अरब लोग इस धर्म को मानते हैं। तीन, यह धर्म स्वीकार्यता, आपसी सम्मान एवं शांति के मूल्यों के साथ विविध परंपराओं एवं आस्था प्रणालियों को सम्मिलित करता है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि अमेरिकी हिंदू समुदाय का चिकित्सा विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त, शिक्षा, विनिर्माण, ऊर्जा और खुदरा व्यापार जैसे अनेक क्षेत्रों में प्रमुख योगदान रहा है। इसके अनुसार योग, आयुर्वेद, ध्यान, भोजन, संगीत और कला के क्षेत्र में समुदाय के योगदान ने सांस्कृतिक ताने-बाने को समृद्ध किया है और इसे अमेरिकी समाज में व्यापक रूप से अपनाया गया है तथा इसने लाखों लोगों के जीवन को सुधारा है।


# खालिस्तान के एजेंडे पर कायम पाकिस्तान, फूट डालकर सिखों का भारत से मोहभंग कराने की कोशिश



खालिस्तान समर्थक और 'वारिस पंजाब दे' संगठन का मुखिया अमृतपाल सिंह इन दिनों जहां-तहां छिपता फिर रहा है। सुरक्षा बलों की यथोचित सख्ती के बाद वह फरार हो गया। उसने वीडियो के जरिये कहा कि वह देश से भागा नहीं है। भारत की क्षेत्रीय अखंडता के लिए किसी भी खतरे को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह भी एक तथ्य है कि भारत के सिख समुदाय में खालिस्तान के लिए कोई समर्थन नहीं है। सिख समुदाय की देशभक्ति असंदिग्ध है। पिछली सदी के नौवें दशक में जिन समस्याओं ने पंजाब को अपनी चपेट में लिया था, उसे बीते हुए काफी वक्त हो गया है।जहां तक अमृतपाल की बात है तो यही खबरें हैं कि उसे पाकिस्तान ने बढ़ावा दिया। पाकिस्तान का हमेशा यही मकसद रहा है कि हिंदुओं और सिखों में फूट डालकर सिख समुदाय का भारत से मोहभंग कराए। वह अपने इस कुत्सित एजेंडे में कभी कामयाब नहीं होगा। इसके बावजूद वह खालिस्तान के मुद्दे को कायम रखे हुए है। अतीत में भी वह न केवल खालिस्तानी आतंकियों को पाकिस्तान में पनाह देता रहा है, बल्कि अपने देश से लेकर पश्चिमी देशों में उन्हें पालता-पोसता भी आया है। कुछ पाकिस्तानी बुद्धिजीवियों ने पूर्व में अफसोस जताया था कि विभाजन के समय मुस्लिम लीग ने अपने कार्यकर्ताओं को पंजाब में सिखों पर हमले करने और उनकी हत्या करने से नहीं रोका। उनका यही मानना रहा कि नवगठित देश में सिख समुदाय को बने रहने और उनका भरोसा जीतने के हरसंभव उपाय करने चाहिए थे, क्योंकि कालांतर में यह वर्ग पाकिस्तान के लिए ट्रंप कार्ड साबित होता। हालांकि, ऐसा कभी नहीं हो सकता था, क्योंकि सिखों और हिंदुओं के रिश्ते ऐतिहासिक कड़ियों से जुड़े होने के साथ ही हमेशा मजबूत रहे हैं। हिंदुओं और सिखों में 'रोटी-बेटी का रिश्ता' वाली बात कही जाती है। आदत से मजबूर पाकिस्तान रह-रहकर खालिस्तान के मुद्दे को तूल देता आया है। ननकाना साहिब पहुंचे सिख जत्थों के दौरे पर भी उसने खालिस्तान समर्थकों को दुष्प्रचार करने दिया। भारत की आपत्ति और जत्थे के सदस्यों की नाखुशी के बावजूद खालिस्तानी प्रोपेगंडा जारी रहा। पश्चिमी देशों में सक्रिय खालिस्तान समर्थकों के साथ भी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियां संपर्क में रहती हैं। इन संगठनों के नेताओं को अक्सर पाकिस्तान बुलाकर सम्मानित किया जाता है। पश्चिमी देशों में सिखों को लुभाने और उनमें सद्भावना बनाने के लिए पाकिस्तान सरकार ननकाना साहिब में बाबा गुरु नानक यूनिवर्सिटी बना रही है। पाकिस्तान की इन कवायदों का लक्ष्य भारत के प्रति सिखों की भावनाएं भड़काना है। इस कड़ी में मुझे पाकिस्तानी राजनयिक के साथ पिछली सदी के अंतिम दशक का एक अनौपचारिक संवाद याद आता है। तब मैं विदेश मंत्रालय के पाकिस्तान प्रभाग में संयुक्त सचिव था। मैंने कहा कि सिखों की भारत के प्रति वफादारी कमजोर करने और खालिस्तान की उनकी मुहिम कभी सफल नहीं होगी। मैंने यह भी पूछा कि जब पंजाब सीमा पर दोनों देशों के बीच कोई विवाद नहीं तो पाकिस्तान क्यों खालिस्तान के मुद्दे को भड़का रहा है? उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। उनकी खामोशी से मुझे जवाब मिल गया कि पाकिस्तान कभी यह मुद्दा नहीं छोड़ेगा। राजनयिकों के बीच अक्सर ऐसे अनौपचारिक संवाद होते हैं, जिनसे इरादों की झलक मिलती है। जब ऐसे मुद्दे औपचारिक रूप से उठाए जाते हैं, तब आधिकारिक रुख रखा जाता है। अब अमृतपाल और उसके संगठन पर कार्रवाई के बाद ब्रिटेन, अमेरिका और कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की प्रतिक्रिया कहीं न कहीं यही दर्शाती है कि भारत से बाहर खालिस्तान से जुड़ी गतिविधियों को पाकिस्तान का सहयोग मिला हुआ है। ये पश्चिमी देश उस वियना कन्वेंशन का अनुपालन करने में भी नाकाम रहे हैं, जिसमें दूसरे देश के प्रतिष्ठानों, राजनयिकों और अन्य अधिकारियों की सुरक्षा का पूरा दायित्व मेजबान देश का होता है। ऐसे में भारत की नाराजगी और आपत्ति बिल्कुल उचित है। खासतौर से कनाडा में खालिस्तान समर्थकों को खासी शह मिली है, जहां अभिव्यक्ति के अधिकार की आड़ में वे इसकी गुंजाइश लेते हैं, लेकिन ऐसी स्वतंत्रता उस हद तक नहीं दी जा सकती, जो मित्र देशों की क्षेत्रीय अखंडता पर आघात करने वाली हो। कुछ सिख समूह पाकिस्तानी मदद से बुने गए जाल में भी फंस गए हैं। वहां कई निर्वाचन क्षेत्रों में सिख समूहों के प्रभाव को देखते हुए राजनीतिक दल भी मजबूर दिखते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि भारत खालिस्तान की इस मुहिम को कैसे काबू करे? उसे पश्चिमी देशों पर दबाव बनाना होगा कि वे ऐसे उपाय करें, जिनसे अराजक समूह भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने में सफल न हो सकें, ताकि लंदन में भारतीय उच्चायोग और सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हुए हमलों की पुनरावृत्ति न हो। भारत को कनाडा को स्पष्टता से कह देना चाहिए कि खालिस्तान समर्थकों द्वारा भारतीय उच्चायुक्त को एक कार्यक्रम में भाग लेने से रोकने जैसी घटनाएं कतई अस्वीकार्य हैं। बड़ा सवाल यही है कि क्या भारत इन देशों के साथ उस सीमा तक जा पाएगा, जिनसे उसके व्यापक हित जुड़े हुए हैं? जो भी हो, ऐसे सवाल पूछे ही जाने चाहिए, भले ही वे कुछ तबकों को असहज करें। यह किसी से छिपा नहीं कि एक बड़ी संख्या में भारतीय इन पश्चिमी देशों में वैध या अवैध तरीके से बसना चाहते हैं। इससे इन देशों को भी एक संदेश जाता है। यहां यह अर्थ न निकाला जाए कि इन देशों को अपने कूटनीतिक एवं आर्थिक पहलुओं के लिहाज से भारत की आवश्यकता नहीं। उन्हें भी भारत की उतनी ही आवश्यकता है और यह पहलू भारत को कुछ बढ़त दिलाता है। हालांकि, समग्रता में देखें तो कूटनीतिक मोर्चे पर भारत के हाथ उन तमाम लोगों की वजह से कुछ बंध जाते हैं, जो इन देशों में बसना चाहते हैं और चाहते हैं कि उन्हें किसी भी तरह वहां का वीजा मिल जाए। यह बहस चाहे जहां तक जाए, लेकिन यह तय है कि पश्चिमी देशों में खालिस्तान समर्थकों और पाकिस्तान की गतिविधियां कभी भी भारत के प्रति सिख समुदाय के भरोसे और समर्पण को नहीं डिगा सकतीं। इसका यह अर्थ भी नहीं कि भारत आत्मसंतुष्ट होकर बैठ जाए, क्योंकि अमृतपाल जैसे लोगों की करतूतें देश को क्षति पहुंचा सकती हैं।

# कर्नाटक चुनाव के लिए बीजेपी की सूची 8 अप्रैल को होगी जारी सीएम बोम्मई बोले- राज्य में सत्ता में नहीं आएगी कांग्रेस

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस नेता सिद्दरमैया और डी के शिवकुमार 10 मई को होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले ही मुख्यमंत्री पद का सपना देख रहे हैं, लेकिन यह साकार नहीं होगा। सीएम बोम्मई ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं का मुख्य ध्यान सत्ता और मुख्यमंत्री पद पर है, राज्य के लोगों के कल्याण पर नहीं है बोम्मई ने एक सवाल के जवाब में कहा कि कांग्रेस सत्ता में नहीं आएगी, दोनों (सिद्दरमैया और शिवकुमार) मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए लड़ रहे हैं, जो उन्हें नहीं मिलेगी। इस चुनाव में कांग्रेस और उसके नेताओं का मुख्य उद्देश्य सत्ता और मुख्यमंत्री पद है, कर्नाटक के लोगों का कल्याण नहीं उन्होंने कहा कि एक तरफ शिवकुमार मुख्यमंत्री बनने के लिए आशीर्वाद मांग रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ सिद्दरमैया दावा कर रहे हैं कि वह अगले मुख्यमंत्री हैं। बोम्मई ने कहा कि यह उनकी पार्टी का आंतरिक मामला है। दोनों मुख्यमंत्री की कुर्सी के बारे में सपना देख रहे हैं, लेकिन यह साकार नहीं होगा। आठ अप्रैल को जारी होगी भाजपा उम्मीदवारों की सूची बोम्मई ने कहा कि भाजपा संसदीय बोर्ड आठ अप्रैल को विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देगा और जारी करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उम्मीदवारों का चयन जीतने की क्षमता के आधार पर किया गया है। कर्नाटक में 10 मई को विधानसभा चुनाव होंगे और वोटों की गिनती 13 मई को होगी उन्होंने कहा कि राज्य कोर कमेटी की बैठक के दौरान जिला समितियों द्वारा



सुझाए गए नामों पर चर्चा की जाएगी और फिर इसे केंद्रीय संसदीय बोर्ड को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा विधानसभा चुनावों में सत्ता में वापसी करेगी। भाजपा को आगामी चुनावों में पूर्ण बहुमत मिलेगा। उन्होंने कहा कि कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में अप्रत्याशित परिणाम आएंगे।कुमारस्वामीजद(एस) नेता एच डी कुमारस्वामी ने अपनी पत्नी और पार्टी विधायक अनीता कुमारस्वामी की कर्नाटक विधानसभा चुनाव लड़ने की मांग के बारे में मीडिया में आई खबरों को खारिज करते हुए कहा कि हासन की राजनीति अलग है, मेरी पत्नी की राजनीति अलग है कुमारस्वामी ने कहा कि अनीता ने पूर्व में पार्टी को बचाने के लिए चुनाव लड़ा था और चुनावी राजनीति में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है और उन्होंने इससे दूर रहने का फैसला किया है।असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम की कर्नाटक विधानसभा चुनाव में करीब 25 सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करने की योजना है। पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष उस्मान गनी ने मंगलवार को कहा कि वह जनता दल (सेक्युलर) के साथ चुनावी गठबंधन पर नजर गड़ाए हुए है वहीं पार्टी प्रमुख ओवैसी ने कहा कि अब तक, हमने तीन उम्मीदवारों की घोषणा की है। हम गठबंधन के लिए खुले हैं। हम निश्चित रूप से चुनाव लड़ेंगे। हमारा गठबंधन होगा या नहीं, हमें इंतजार करना होगा।कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होने की अपनी कथित घोषणा पर स्पष्टीकरण देते हुए पूर्व सीएम सिद्दरमैया ने मंगलवार को कहा कि वह सीएम पद के लिए केवल एक चाह रखते हैं। सिद्दारमैया ने दावा किया कि उनके बयान को तोड़ा-मरोड़ा गया है। उन्होंने आगे कहा, ठमैंने केवल इतना कहा है कि सीएम का चयन एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। मीडिया में जो कुछ चल रहा है वह पूरी तरह से झूठ है। मैं सीएम के लिए एक आकांक्षी हूं और डीके शिवकुमार भी एक आकांक्षी हैं।ठ कांग्रेस के पूर्व विधायक नंदीहल्ली हलप्पा और प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डा अप्पाजी गौड़ा मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। गौड़ा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डी के शिवकुमार के खिलाफ कनकपुरा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ना चाहते हैं। भाजपा में हलप्पा के प्रवेश का स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कतील ने कहा कि उनके आने से पार्टी को नवगठित विजयनगर जिले में मजबूत समर्थन मिला है। गौड़ा के बारे में कतील ने कहा कि पार्टी को पुराने मैसूरु क्षेत्र में अत्यधिक लाभ होगा। गौड़ा वोक्कालिगा संघ के पूर्व अध्यक्ष भी हैं।कांग्रेस कर्नाटक में विपक्षी कांग्रेस ने मंगलवार को उडुपी जिले के कुंदापुर निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार के भाजपा विधायक हलदी श्रीनिवास शेट्टी द्वारा चुनावी राजनीति से संन्यास की घोषणा के बाद भाजपा की आलोचना की।कांग्रेस ने इंटरनेट मीडिया पर कहा कि बंट समुदाय के नेता विधायक हलदी श्रीनिवास शेट्टी ने भाजपा द्वारा अपमानित किए जाने के बाद राजनीतिक संन्यास की घोषणा की है। हालादी को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के बाद भी उन्हें पार्टी में किसी उच्च पद की पेशकश नहीं की गई थी। भाजपा इमानदार नेताओं के लिए नहीं है।

## शोभायात्राओं पर पत्थरबाजी की सनक, घृणा से भरी मानसिकता को सख्ती से कुचलने की आवश्यकता

रामनवमी के अवसर पर उत्पात मचाने का जो सिलसिला महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर से शुरू हुआ था, वह वडोदरा, हावड़ा, हुगली, सासाराम, बिहारशरीफ तक जारी रहा। देश के कुछ और शहरों में भी रामनवमी पर उपद्रव की खबरें आईं। कहा नहीं जा सकता कि यह सिलसिला कब खत्म होगा, क्योंकि जो शहर रामनवमी की शोभायात्राओं पर पत्थरबाजी और हिंसा का गवाह बने, उन सभी में अभी शांति स्थापित नहीं हो सकी है। रामनवमी पर उत्पात कोई नया काम नहीं है। पिछले वर्ष यह काम और बड़े पैमाने पर कहीं अधिक शहरों में किया गया था। तब रामनवमी की शोभायात्राओं को निशाना बनाने के बाद हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्राओं पर भी पत्थरबाजी की गई थी। वास्तव में इसका सिलसिला हिंदू नववर्ष पर निकाली गई शोभायात्रा से ही शुरू हो गया था, जो हनुमान जंयती तक चला था। कहना कठिन है कि इस बार हनुमान जन्मोत्सव उत्पात से बचा रहेगा या नहीं? जो भी हो, आसार अच्छे नहीं हैं, क्योंकि ममता बनर्जी ने इसका अंदेशा जता दिया है। पता नहीं उनके इस अंदेशे का आधार क्या है, लेकिन इस नतीजे पर पहुंचने के अच्छे-भले कारण हैं कि शोभायात्राओं को जानबूझकर किसी साजिश और सनक के तहत निशाना बनाया जा रहा है। शोभायात्राओं पर पथराव के लिए अक्सर ऐसे बहाने गढ़ लिए जाते हैं कि शोभायात्रा मुस्लिम इलाके से निकल रही थी अथवा उसमें 'उत्तेजक' नारे लग रहे थे या फिर डीजे बज रहा था। कुछ लोगों के लिए तो जयश्रीराम का नारा भी उत्तेजक और आपत्तिजनक होता है। असदुद्दीन ओवैसी और उनके दल के नेता जयश्रीराम का उल्लेख करने से भी कतराते हैं। जब उन्हें इस नारे का जिक्र करना होता है तो वे 'जेएसआर' कहकर काम चलाते हैं। इससे समझा जा सकता है कि आपत्ति वास्तव में घृणा में बदल चुकी है। हावड़ा में हिंसा को लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह कह दिया कि आखिर शोभायात्रा मुस्लिम मोहल्ले से क्यों निकली सबसे पहला सवाल तो यही है कि क्या शोभायात्राओं के लिए मुस्लिम इलाके निषेध हैं? क्या वे विशेष आवासीय जोन हैं या फिर ऐसे इलाके हैं, जहां देश के कानून के बजाय समुदाय विशेष की मनमानी चलती है क्या भारत के मुस्लिम इलाकों में अफगानिस्तान की तरह शरिया लागू हो गई है यदि ममता यह कहेंगी कि हिंदुओं की शोभायात्राएं मुस्लिम इलाकों से नहीं निकलनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी का किसी युवक से चल रहे अफेयर से तंग आकर पति ने खाया सल्फास, हुई मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** कोतवाली क्षेत्र के दुमहान गांव में सोमवार की रात्रि साढ़े 9 बजे एक युवक ने पत्नी के गांव के ही अन्य युवक से चल रहे चक्कर से तंग आकर एक युवक ने सल्फास खाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली घटना से परिजनों में कोहराम है मृतक घर का इकलौता चिराग था ,मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि उसके बहु के चक्कर के बारे में पुत्र ने एक पखवाड़े पूर्व ही पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई आखिरकार तंग आकर उसके बेटे ने आत्महत्या कर ली ,पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक ने मामले ध्यान आकृष्ट कर न्याय की गुहार लगाई है । 30 वर्षीय पवन पुत्र अयोध्या निवासी दुमहान की शादी कुछ वर्ष पूर्व बहुआरा में हुई थी कुछ दिनों पूर्व से पत्नी के अन्य युवक से चल रहे चक्कर से वह मानसिक तनाव में था ,प्रकरण को लेकर तकरीबन एक पखवाड़े पूर्व उसने रजखड़ कोतवाली में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी आरोप है कि उसे न्याय तो नही मिला लेकिन हल्के के दरोगा ने उल्टा उस मे ही कोई कमी होने का हवाला देकर डॉट फटकार लगाई थी जिससे वह और परेशान हो गया था एक तरफ पत्नी के दूसरे युवक के चक्कर वहीं दूसरी ओर कोई न्याय ना मिलता देख सोमवार की रात्रि उसने शराब का सेवन कर सल्फास की गोलियां खा ली और घर मे सो गया घर में परिजनों ने जब उसके मुंह से झाग निकलता देखा तो दुद्धी अस्पताल लेकर भागे जहाँ पर तैनात चिकित्सक डॉ विनोद कुमार सिंह ने रात्रि साढ़े 11 बजे मृत घोषित कर दिया और घटना की सूचना अस्पताल के मेमो के जरिये रात्रि डेढ़ बजे कोतवाली पुलिस को दी। मंगलवार की सुबह अस्पताल पहुँचे एसआई दिग्विजय सिंह ने युवक का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक युवक के दो बच्चे है जिसमें एक पुत्र व एक पुत्री है।

# जनपद के दस स्वास्थ्य केन्द्रों पर बनेंगी मदर-न्यू बोर्न केयर यूनिट स्वास्थ्य विभाग इसी माह करेगा एक कंपनी के साथ एमओयू साइन कम्युनिटी एम्पावरमेंट लैब का रहेगा वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहयोग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** स्वास्थ्य विभाग जनपद के दस स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी-पीएचसी) पर एक नामी कंपनी के सहयोग से मदर-न्यू बोर्न केयर यूनिट (एमएनसीयू) बनाएगा। एमएनसीयू के निर्माण में कम्युनिटी एम्पावरमेंट लैब (सीईएल) का वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहयोग रहेगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा ने दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया- एमएनसीयू में कम वजन के नवजात शिशुओं को उनकी माताओं के साथ भर्ती किया जाएगा, जिसमें माता की विशेष देखरेख में इन शिशुओं को उपचार दिया जाएगा। जनपद में दस स्वास्थ्य केन्द्रों पर एमएनसीयू वार्ड का निर्माण होने से शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। वार्ड में कम वजन वाले बच्चे भर्ती रहकर अपना शारीरिक विकास कर सकेंगे। जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनजीत कुमार ने बताया- जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) बादलपुर, भंगेल, बिसरख, दादरी, जेवर, डाढा और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) दनकौर, रुबुपुरा व बरौला पर एमएनसीयू बनायी जाएंगी। उन्होंने बताया- एक नामी कंपनी इसके निर्माण में सहयोग करेगी। उम्मीद है कि इस संबंध में इसी माह मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (समझौता पत्र) साइन हो जाएगा। उन्होंने बताया- कंपनी की ओर से सेक्टर 39 स्थित जिला अस्पताल, सीएचसी भंगेल और पीएचसी बरौला का मौका मुआयना कर लिया गया है। मनजीत कुमार से बताया एमएनसीयू के निर्माण में वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहयोग सीईएल का रहेगा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आरसीएच) डा. भारत भूषण ने बताया- जनपद में जिला अस्पताल सहित 12 स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रसव की सुविधा उपलब्ध है। इनमें से दस केन्द्रों पर मदर एंड न्यू बोर्न केयर यूनिट बनाए जाएंगे। एमएनसीयू बनने से कम वजन के नवजात शिशुओं को उनकी माताओं के साथ भर्ती किया जाएगा, जिसमें माता की विशेष देखरेख में नवजात शिशुओं को उपचार उपलब्ध होगा। इससे शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। जनपद में सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर हर माह करीब 800-900 प्रसव होते हैं। क्या है एमएनसीयू डॉ. भारत भूषण ने बताया कि मदर-न्यू बोर्न केयर यूनिट (एमएनसीयू) एक विशेष प्रकार की इकाई है। यह कंगारू मदर केयर (केएमसी) से प्रेरित है। जिस प्रकार मादा कंगारू अपने शरीर में प्राकृतिक रूप से बनी थैली में नवजात को सीने से लगाकर रखती है, उसी प्रकार माता उन नवजातों को जिनका जन्म समय पूर्व हो जाता है या जो नवजात जन्म के समय कम वजन के होते हैं, उनको उनकी माता एक विशेष कक्ष में अपने सीने से लगाकर रखती हैं। एमएनसीयू में केएमसी देते हुए सभी उपचार किए जाते हैं। इससे बच्चे के शरीर का तापमान सामान्य रहता है, संक्रमण कम होता है, स्तनपान भी जारी रहता, मां व शिशु के बीच बॉन्डिंग बनें और उनकी जान बच सके। यहां मां एवं नवजात दोनों को एक साथ बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है।

# क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने बुधवार की दोपहर ब्लाक सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** बहिष्कार कर कार्यप्रणाली पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमें कोई वित्तीय पावर नहीं है हम एक हैंडपंप भी नहीं बनवा सकते है जबकि ग्रामीणों को हमसे विकास की उम्मीद है।ब्लाक अध्यक्ष प्रेम चन्द्र गुप्ता क्षेत्र पंचायत सदस्य सन्नी उपाध्याय आदि ने कहा कि सदन कि वैठक गांव के विकास के लिए वर्ष में 6 बार होना प्रस्तावित है लेकिन यहां मनमाने तरीके से वर्ष में एक या दो बार बैठक कराया जाता है साथ ही मनमाने तरीके से टेंडर प्रक्रिया निकाल कर अपने चहेतों से विकास कार्य करा लिया जाता है कार्यों कि जानकारी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को नहीं होती।प्रत्येक बैठक का एक हजार रुपए भत्ता देय है लेकिन यह भी भत्ता किसी को मिलता है और किसी को नहीं भी।पूर्व के बैठक के दौरान कार्य योजना में केवल हस्ताक्षर का कोरम पूरा करा कर क्षेत्र पंचायतों को दरकिनार कर दिया जाता है ?से में कोई मान सम्मान नहीं बचता।बुधवार को हो रहे क्षेत्र पंचायत की बैठक का बहिष्कार 50 की संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने मुख्य विकास अधिकारी को लिखे शिकायती पत्र पर हस्ताक्षर कर किया वहीं ब्लाक परिसर में जम कर नारेबाजी की।

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव की मार्मिक कथा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सेक्टर 55 नोएडा कम्युनिटी सेंटर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान उत्सव में वृंदावनधाम से पधारे कथाव्यास श्री महेश चंद्र शास्त्री चौथे दिन बुधवार को वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म की कथा एवं नंदोत्सव का वर्णन किया गया।श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव-



देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कृष्ण जन्म की खुशी में बुधवार को कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया तथा भक्तों ने नाच कूदकर नंदोत्सव मनाया।श्री प्रेमचंद्र उपाधाय आज की कथा पूजन के यजमान रहे। श्री कुलदीप शर्मा (सपा नेता) एवं श्री गजेन्द्र बंसल (आरडब्ल्यूए अध्यक्ष) ने बताया सेक्टर में लगभग हर वर्ष महिलामंडल एवं आरडब्ल्यूए के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होता रहता है। इस भागती दौड़ती जिंदगी में कुछ समय निकालकर सभी को प्रभु के चरणों में ध्यान लगाना चाहिए। इस अवसर पर श्रीमती आशा शर्मा, श्रीमती बीना शर्मा,श्रीमती सुदर्शन अनेजा, भूषण शर्मा,के डी,शर्मा, शर्मा,कुलदीप शर्मा, गजेंद्र बंसल, विजय भारद्वाज, श्रीकांत बंसल,सुरेंद्र सिंह, आरपी सिंह, दिनेश पाठक राजेश अग्रवाल, दीपक अनेजा, दीपक शर्मा, बीपी गौतम सुभाष निझावन, दिनेश पचौरी,दिनेश बृजवासी , आर के शर्मा, सुदेश खोखर श्रीकांत बंसल कृष्ण विद्या रावत,आर के यादव, साथ ही काफी संख्या भक्तगण और सेक्टर के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# व्यापार मंडल ने मनाई भगवान महावीर जयंती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सेक्टर 102 स्थित सलारपुर भंगेल व्यापार मंडल द्वारा जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर महावीर स्वामी की जयंती धूम धाम से मनाई गई। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज गोयल एवं सपा नेता राघवेन्द्र दुबे ने भगवान महावीर स्वामी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मनोज गोयल ने कहा कि चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को महावीर जयंती मनाई जाती है। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी का जन्म बिहार के कुंडाग्राम में हुआ था। भगवान महावीर के बचपन का नाम वर्धमान था। कहा जाता है कि 30 वर्ष की आयु में इन्होंने राज महलों के सुख को त्याग कर सत्य की खोज में जंगलों की ओर चले गए। घने जंगलों में रहते हुए इन्होंने बारह वर्षों तक कठोर तपस्या की, जिसके बाद ऋजुबालुका नदी के तट पर साल वृक्ष के नीचे उन्हें कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इस अवसर पर



सपा नेता राघवेन्द्र दुबे ने कहा कि भगवान महावीर ने समाज के सुधार और लोगों के कल्याण के लिए उपदेश दिए। भगवान महावीर ने मोक्ष प्राप्त करने के लिए मनुष्यों के लिए पांच नियम स्थापित किए, जिन्हें हम पंच सिद्धांत के नाम से जानते हैं। ये पांच सिद्धांत हैं- अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, सत्य और अपरिग्रह। भगवान महावीर के बताए हुए मार्ग पर चलकर हम सभी अपने जीवन को आदर्श बना सकते हैं। इस अवसर पर विकास भारती जी, पुष्पेंद्र बंसल, सुबोध गोयल, सुरेंद्र गौतम, सौरभ जिंदल, रेशम पाल सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पूरे प्रदेश में उदवहन सिंचाई योजना के माध्यम से किसानों के खेतों में पानी पहुचाने का अभियान चलाया जाएगा- मुख्यमंत्री

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
शहडोल। व्यौहारी से दुर्गेश कुमार गुप्ता कि रिपोर्ट कर्ज माफी के दौरान जिन किसानों के कर्ज माफ नही हुए उनके कर्ज की ब्याज प्रदेश सिंह चौहान शहडोल जिले के ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बहेरिया में 116 करोड़ की लागत से बनाई गई हिरवाह सूक्ष्म सिचाई परियोजना के लोकार्पण को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से 6 हजार रुपये एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 4 हजार रुपये सलाना दिए जा रहे है। किसानों को समर्थन



सरकार भरेगी उच्च शहडोल 5 अप्रैल। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने शहडोल जिले में 116 करोड़ की लागत वाली हिरवाह सूक्ष्म परियोजना का लोकार्पण किया। पूरे प्रदेश में बड़े जलाशयों के आसपास के ग्रामो में किसानों के खेतों में उदवहन सिंचाई योजना के माध्यम से पानी पहु चाने का अभियान चलाया जाएगा। बड़े जलाशयों के बनने से किसान कुर्बानी देते है उनकी जमीन अधिग्रहित होती है लेकिन सिंचाई सुविधा का लाभ उन्हें नही मिल पाता है । किसानों की कुर्बानी को बेकार नही होने दिया जाएगा। उनके खेतो में पानी पहुचाकर फसल लहलहाने की खुशी उनके परिवार जनों को देने का काम प्रदेश सरकार करेगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस सिचाई परियोजना के प्रारंभ होने से 37 ग्रामों के 7481 हेक्टेयर में सिचाई सुविधा का विस्तार हुआ है। कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री राम खेलावन पटेल, विधायक शरद जुगलाल पटेल, कमिश्नर शहडोल राजीव शर्मा, ए डी जी पी शहडोल जोन डी सी सागर, मुख्य अभियंता बाण सागर ग्राम पंचायत बहेरिया सरपंच श्री राम सिया लखेरा, सहित जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि किसानों की खुशहाली सरकार की प्राथमिकता है। सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए अनेको कदम उठाए है। किसानों को सोसायटी के माध्यम से शून्य प्रतिशत पर ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों मूल्य पर उपार्जन की सुविधा, बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है । मुख्यमंत्री ने सभा मे उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपका भाई अपनी बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना चाहता है । इसके लिए प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रारंभ की है । सभी बहने जो इस योजना के पात्र है , योजना का लाभ लेने के लिए शिविर में जाकर आवेदन फार्म भरे। आवेदन फार्म 30 अप्रैल तक भरे जाएंगे। गुजरात अहमदाबाद से आये एक्वा कंपनी के रिजनल मैनेजर ऋषि केश शर्मा ने बताया कि प्रदेश में पहली बार उदवहन सिंचाई योजना में 1400 एच पी के एक्वा पंप लागये गए है।

# छेत्र के किसानों की हर समस्या को दूर करूंगा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।**बिजली आज एक ऐसी जरूरत बन चुकी है जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य,पानी और किसानी सभी की पूर्ति होती है,,,लेकिन अगर ट्रांसफार्मर जल जाए तो सारी सुविधा टप्प पड़ जाती है ऐसे में सबसे महत्वपूर्ण बिजली व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखना,संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों में बेहतर सामंजस्य स्थापित करवा के कार्य को आखरी अंजाम तक पहुंचा कर जनता में राहत देना,आज वही कार्य पूरे मैहर विधानसभा में आदरणीय श्रीकांत चतुर्वेदी जी लगातार कर रहे है,लगभग हर दिन या हर हफ्ते किसी न किसी गांव में बिजली समस्या आती है लेकिन सूचना मात्र से श्री चतुर्वेदी जी और उनकी टीम राहत दिलाने के लिए त्वरित प्रयास में लग जाते है ,अभी ग्राम पंचायत अजवाइन के बैरागल बस्ती में 100 के बी का ट्रांसफॉर्मर जल गया था जिससे वहां के किसानों को बिजली के साथ पानी की समस्या से भी जूझना पड़ रहा था जैसे ही श्रीकांत चतुर्वेदीजी के संज्ञान में बात आई उन्होंने तुरंत वहां ट्रांसफार्मर



भेज कर बिजली व्यवस्था दुरुस्त करवाई,,श्री चतुर्वेदी जी ने स्पष्ट किया है की जनसेवा के लिए उनके दरवाजे जनता के लिए हमेशा खुले रहते है और क्षेत्र के अन्नदाता किसानों के लिए सदैव मेरा जीवन समर्पित है। ट्रांसफार्मर लग जाने से सभी ग्रामीणों ने श्री चतुर्वेदी जी का आभार जताया है।

# मनाया गया श्री हनुमान जन्मोत्सव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** 6 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री सनातन धर्म परिवार सेवाश्रम संस्थान द्वारा प्रथम श्री हनुमान




जन्मोत्सव का भव्य आयोजन सेक्टर 44 छलेरा स्थित सोम बाजार रोड नियर स्टेलर अपार्टमेंट के ग्राउंड में 06 अप्रैल ब्रहस्पतिवार को प्रातः सांय 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा एवम शहर के गणमान्य व्यक्तियों के सानिध्य में किया जा रहा है। पदाधिकारी योगेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः पूजा अर्चना से होगा तदोपरांत भजन - कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, आने वाली सभी भक्तों के लिए प्रसाद की पूर्ण व्यवस्था की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से सभी इंतजाम किए गए हैं जिसमें नोएडा पुलिस ने पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया है, इसी के साथ लगभग 100 महिला व पुरुष वॉलिंटियर कार्यक्रम की व्यवस्था संभालेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. महेश शर्मा साँसद गौतमबुद्ध नगर एवं पूर्व केन्द्रीय मँत्री भारत सरकार, तथा विशिष्ट अतिथि पँकज सिह विधायक नौएडा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा उ.प्र., सुरेंद्र सिंह नागर राज्य सभा सांसद, विमला बाथम पूर्व अध्यक्ष राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश, नबाब सिंह नागर पूर्व राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश, चंद शर्मा विधान परिषद् सदस्य, अमित चौधरी जिला पंचायत अध्यक्ष जी. बी. नगर, मदन चौहान पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश, योगेंद्र शर्मा अध्यक्ष फोनरवा, कैप्टन विकास गुप्ता पूर्व राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश के साथ साथ ही नौएडा के सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर जितेंद्र चौहान, सुदेश चौहान, अशोक चौहान, दिनेश शर्मा, मानसिंह चौहान, सुभाष शर्मा, शिवमोहन चौहान, रोहित शर्मा, परवीन चौहान, राहुल शर्मा तथा सहयोगी संस्था वाईएसएस एवं नव ऊर्जा युवक संस्था के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# मैहर अंतर्गत नादन डीसी के प्रभारी जेई अनुराग पांडे की तानाशाही नहीं मानते मंडल के नियमावला इन्हें किसानों के लिए बिजली की कोई परवाह नहीं बिल के नाम पर चल देते हैं घर लूटने

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैंहर।** मामला मैंहर के नादान डीसी




का है जहाँ पदस्थ प्रभारी जूनियर इंजीनियर अनुराग पांडेय आये दिन विवादों में किसी न किसी कालगुजरी के कारण सुर्खियों में बने हुए है उनके तानशाही पूर्णकार्य से आये दिन ग्रमीण जन लाइट फाल्ट कभी ट्रांसफॉर्मर जलना किसी दिन हवा का बहाना कभी बिजली बिल का ना जमा होना यह बहाना आम हो गया है जबकि प्रभारी जूनियर इंजीनियर के स्वभाव से ये बाते आम है जिससे छेत्र के कंजूमर को इनके कृत्यों से काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा हैं। ग्राम पंचायत मगरौरा सब स्टेशन से मन माना बिजली छोड़ी जाती है ज्योकी किसानों के किसी काम की नहीं है दिन में तीनों फेस बिजली लेकर रात में सारी रात कटौती कर ली जाती है।कोई टाइम ही नहीं है इनका इस तरह में किसान क्या करेगा कैसे बिल चुकता करे और क्यों करे कही पे बिजली पोल टूटे हुए हैं तो कहीं पे तारे हरदम इन्हे बिजली बिल का बहाना रहना है।और नादान डीसी अंतर्गत ग्राम जरियारी मैं सब स्टेशन स्थापित होने के बावजूद भी इंजीनियर महोदय के ये बहानेबाजी कर आये दिन किसी न किसी बात का बहाना बना के विधुत को आमजन के लिए अवरुद्ध कर ऊर्जा कन्ज्यूम कर अपनी सर्विस बुक में नाम जुड़ाना चाह रहे है इनके उक्त कृत्य से आम जन के बीच काफी आकोश व्याप्त हो रहा है क्योंकि वर्तमान समय मे देवमार के कारण जहा अन्नदाता परेशान है वही लाइट के समय पर न होने के कारण अन्नदाता का किसानी का कार्य पूर्णतः प्रभवित हो रहा है जिसका खामियाजा आने वाला 2023 चुनाव में जे ई नादान अनुराग पांडे के कारनामो का खामियाजा मध्य प्रदेश सरकार को उठाने की धमकी सहित ग्रामीण जन ने व्यापक धरना प्रदर्शन कर आंदोलन करने के लिए विवष होना पड़ेगा जो कि छेत्रिय राजनैतिक दल के लिए एक चुनैती के तौर पर चेतावनी ग्रामीण जन द्वारा दी गई है अब देखना यह है कि कौन नेता इन ग्रामीण जन की समस्या से निजात दिलाकर अनुराग पांडेय के तुगलकी फरमान से निजात दिलाता है।

# मैहर अवैध मुरूम खुदाई का मामला बाजार पर बना चर्चा का विषय

## कई मठाधीशओ की मिलीभगत से चल रहा है यह अवैध मुरूम का खेल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैंहर।** मैहर नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 2 में रोड बनाने का ठेका नगरपालिका द्वारा ठेकेदार सचिन मिश्रा को दिया गया है। रोड बनाने में लगने वाली मुरुम को ठेकेदार द्वारा वेद विद्यालय के पीछे नीलीची बांध से अवैध रूप से खोदकर निकलवा कर सड़क बनाने पर उपयोग किया जा रहा है।अवैध मुरूम निकासी को लेकर जब स्थानीय पत्रकारों ने ठेकेदार से जानकारी चाही व खुदाई हेतु परमिशन की आदेश की कॉपी दिखाने की बात कही तो वह तमाम तरीके की मनगढ़ंत कहानी बनाने पर लग गए। उन्होंने कहा कि मुझे नगरपालिका से परमिशन है। इस विषय पर जब नगर पालिका सीएमओ से बात की गई तो उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि ठेकेदार को नगर पालिका ने सड़क बनाने का ठेका दिया है ना कि कहीं पर खुदाई करने की इजाजत दी है। यदि वह निर्माण हेतु कहीं से मटेरियल खोद कर ला रहे हैं, तो उन्हें विधिवत सिंचाई, खनिज और संबंधित विभागों से इजाजत लेकर निर्धारित शुल्क जमा कर रसीद कटवा कर ही खोदना चाहिए। नगर पालिका मैहर द्वारा ऐसी कोई इजाजत नहीं दी गई।



# दिव्या भारती की वो 5 फिल्में जिसने उन्हें बॉलीवुड के शिखर पर पहुंचाया था

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** 'सात समंदर पार' ये गाना आज भी शादी और पार्टी में सुनाई देता है। इस गाने में बॉलीवुड




की 90 के दशक की वो एक्ट्रेस थी, जिनकी खूबसरती के चर्चा आज भी होते हैं। दिव्या भारती इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्रियों में से एक रही हैं। कहते है जो भी उन्हें देखता था बस देखता ही रह जाता था। वह ऐसी अभिनेत्री थीं, जिन्होंने बेहद कम समय और कम उम्र में इंडस्ट्री में अपने कदम जमाए थे। आज 5 अप्रैल को उनकी पुण्यतिथि है। आज एक्ट्रेस की मौत को पूरे 30 साल हो गए है 5 अप्रैल 1993 को हुई थी मौत 5 अप्रैल 1993 को उनकी मौत हो गई। मात्र 19 साल की उम्र में दिव्या ने इस दुनिया हमेशा-हमेशा के लिए अलविदा कह दिया था। उनकी मौत ने इंडस्ट्री में तहलका मचा दिया था। दिव्या की मौत की गुत्थी तो आज तक अनसुलझी है। 19 साल की उम्र में बालकनी से गिरकर उनकी मौत हो गई थी। कहा जाता है कि उस समय वह नशे में थीं।दिव्या भारती महज 14 साल की थीं, जब उन्होंने सिनेमा की दुनिया में डेब्यू किया था। दिव्या भारती ने फिल्म 'विश्वात्मा' से बॉलीवुड इंडस्ट्री में कदम रखा था। राजीव राय के डायरेक्शन में बनी 'विश्वात्मा' बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। फिल्म में दिव्या भारती के अलावा सनी देओल, चंकी पांडे और नसीरुद्दीन शाह भी थे दीवाना' से शाह रुख खान ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। दिव्या इस फिल्?म में ऋषि कपूर के अपोजिट थीं। इस फिल्म को 5 फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिले थे शोला और शबनम डेविड धवन के डायरक्शन में बनी 'शोला और शबनम' दिव्या भारती की सबसे सफल फिल्मों में से है। इस फिल्म में उनके साथ गोविंदा लीड रोल में थे। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म सुपरहिट रही। फिल्म के गाने 'तू पागल प्रेमी आवारा' को आज भी खूब सराहा जाता है।साल 1992 में एक बार फिर दिव्या और गोविंदा की जोड़ी पर्दे पर नजर आई। दोनों फिल्म 'जान से प्यारा' में काम किया था। ये फिल्म आनंद द्वारा निर्देशित थी। इसमे अरुणा ईरानी, किरण कुमार, रजा मुराद भी नजर आए थे। 'दिल आशना है'दिल आशना है' में दिव्या शाह रुख खान के साथ नजर आई थी। इस फिल्म को डायरेक्ट और प्रोड्यूस अभिनेत्री हेमा मालिनी ने किया था। दिव्या किसी फिल्मी परिवार से नहीं थीं। पिता ओमप्रकाश भारती बीमा कंपनी में अफसर थे और मां मीता भारती एक गृहिणी।

# इस अभिनेत्री ने निर्माता पर लगाए गंभीर आरोप, कहा- मॉर्फ फोटो को अश्लील वेबसाइट पर वायरल करने की मिली धमकी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बंगाली सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री स्वास्तिका मुखर्जी इन दिनों लगातार सुर्खियों



में बनी हुई हैं। स्वास्तिका ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'शिबपुर' के रिलीज के पहले ही एक सनसनीखेज खुलासा किया है। उन्होंने 'शिबपुर' फिल्म के सह-निर्माता पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। स्वास्तिका मुखर्जी ने संदीप सरकार नाम के सह-निर्माता पर कई आरोप लगाए हैं। स्वास्तिका ने बताया कि संदीप और उनके सहयोगियों की तरफ से उन्हें धमकी भरे मेल भेजे गए हैं। साथ ही एक्ट्रेस को ये भी धमकी दी गई है कि उनकी तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ कर उन्हें अश्लील वेबसाइटों पर वायरल कर दिया जाएगा। स्वास्तिका मुखर्जी ने इस मामले को लेकर कोलकाता, गोल्फ ग्रीन पुलिस स्टेशन में शिकायत भी दर्ज कराई है। इसके अलावा अभिनेत्री ने ईस्टर्न इंडिया मोशन पिक्चर्स एसोसिएशन से भी मदद मांगी है। साथ ही स्वास्तिका ने इन सभी धमकी भरे ईमेल की स्कैन की हुई कॉपी जमा कराई हैं। स्वास्तिका मुखर्जी ने अपने उत्पीड़न के बारे में बात करते हुए ओटीटी प्ले से कहा, ये सब बहुत बेतरतीब ढंग से शुरू हुआ। शूटिंग और डबिंग के पूरे पाठ्यक्रम के दौरान, उन्हें कभी भी संदीप सरकार से नहीं मिलवाया गया। इन सब में एक अन्य सह-निर्माता अजंता सिन्हा रॉय थे, जिन्होंने हमसे बात की, लेकिन तभी अचानक से संदीप सरकार ने मुझे धमकी भरे ईमेल भेजने शुरू कर दिए। यही नहीं, एक्ट्रेस ने ये भी बताया कि संदीप ने दावा किया था कि वह अमेरिकी नागरिक है और अगर वह टीम के साथ सहयोग नहीं करती हैं तो वह यूएस कांसुलेट से बात करके यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें अमेरिका का वीजा कभी न मिले। इसी के बाद से ही स्वास्तिका ने फिल्म के किसी भी प्रकार की प्रमोशनल एक्टिविटी में हिस्सा लेना बंद कर दिया था।

# एयरपोर्ट पर अजय देवगन की बेटी की चाल देख लोगों ने किया बुरी तरह ट्रोल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और एक्ट्रेस काजोल की बेटी नीसा देवगन इन दिनों लगातार



सुर्खियों में बनी हुई हैं। नीसा ने भले ही अभी फिल्मों में डेब्यू नहीं किया हो, लेकिन फैन फॉलोइंग के मामले में वह बड़ी स्टार्स को बराबर की टक्कर देती हैं। नीसा इन बॉलीवुड की सबसे पॉपुलर स्टार किड्स में से एक हैं। नीसा देवगन अपने स्टाइल और फैशन सेंस से लोगों को हमेशा ही इम्प्रेस करती नजर आती हैं। हाल ही में जहां नीसा ने 'नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर' की ग्रैंड ओपनिंग में अपने लुक से काफी सुर्खियां बटोरी थीं। वहीं, अब नीसा को उनकी चाल की वजह से जमकर ट्रोल किया जा रहा है। मंगलवार को नीसा देवगन मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं। दरअसल, नीसा अपनी आगे की पढ़ाई पूरी करने के लिए विदेश जा रहीं थी। इस दौरान का उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में नीसा एयरपोर्ट के बाहर अपनी कार से उतरी हुई नजर आईं। उन्होंने व्हाइट कलर का क्रॉप टॉप कैरी किया था। इसके साथ उन्होंने पिंक कलर का फ्लोरल प्रिंट वाला पैंट कैरी किया था। वहीं, नीसा ने ब्लैक मास्क लगाया था। पैपराजी ने नीसा को बिना मास्क पोज देने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने साफ मना कर दिया। बता दें कि जहां कई यूजर्स नीसा को मास्क न हटाने और कोविड प्रोटोकॉल फॉलो करने के लिए उनकी तारीफ कर रहे हैं। वहीं, कई नीसा की चाल देखकर उनको ट्रोल कर रहे हें। इस वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'तुम बत्तख की तरह क्यों चल रही हो?' एक ने लिखा, 'कैसे चल रही है ये।' वहीं, एक लिखता है, 'जा रही है ओरी के साथ पार्टी करने और क्या ही करेंगी ये।' इस तरह के कई और कमेंट्स नीसा के इस वीडियो पर आ रहे हैं।

# ग्लैमर गर्ल बनकर अनुपम खेर ने 32 साल पहले मचाया था तहलका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** अनुपम खेर बॉलीवुड के मंझे हुए एक्टर्स में शुमार हैं। विलेन हो या फिर पिता या फिर अन्य किरदार, जिस भी कैरेक्टर



को वह चुनते हैं, उसमें वह अपनी पूरी जान लगा देते हैं। सोशल मीडिया पर भी एक्टर काफी एक्टिव हैं और वह अपने फैंस से जुड़े रहने का कोई मौका नहीं छोड़ते। अनुपम खेर कभी अपनी मां के साथ, तो कभी दोस्तों के साथ तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करते हैं। हाल ही में 'द कश्मीर फाइल्स' एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी इतनी ग्लैमरस फोटो शेयर की है, जिस पर से फैंस अपनी निगाहें नहीं हटा पा रहे हैं। उनकी खूबसूरती देख लोग उन्हें बॉलीवुड की पहली महिला सुपरस्टार की बहन समझ बैठे।अनुपम खेर ने अप्रैल फूल के मौके पर इंस्टाग्राम पर अपनी एक 32 साल पुरानी फोटो शेयर की। उनकी ये तस्वीर साल 1991 में मैगजीन के लिए करवाए गए फोटोशूट की है, जिसमें वह ग्लैमरस गर्ल बने नजर आ रहे हैं। ये कवर अप्रैल में इश्यू हुआ था। इस मैगजीन फोटोशूट में अनुपम खेर पूरी तरह से लड़की के गेटअप में हैं, सिर पर हेयरबैंड लगाए और लिपस्टिक के साथ उनको पहचानना नामुमकिन है। अपने 32 साल पुराने फोटोशूट को शेयर करते हुए अनुपम खेर ने लिखा, 'मैगजीन के कवर पर ये मैं हूं, ये कवर पेज 1 अप्रैल को 1991 में अप्रैल फूल के दिन रिलीज हुआ था। इस फोटो और इसके पीछे की कहानी खुद में ही एक सेंसेशन है। मिकी कॉन्ट्रैक्टर ने मेकअप किया था और गौतम राजध्यक्ष ने ये फोटो क्लिक की। वह सिनेमा के लिए एक मासूम वक्त था। लोग समझ बैठे थे श्रीदेवी और उनकी बहन ग्लैमरस गर्ल बने अनुपम खेर के इस फोटो के पीछे की कहानी क्या है, ये तो एक्टर ने अपने कैप्शन में नहीं बताया, लेकिन राज बब्बर की बेटी जूही ने इस तस्वीर को देखकर लोगों को क्या गलतफहमी हो गई थी, इसका राज खोल दिया। जूही बब्बर ने कमेन्ट करते हुए लिखा, 'हां-हां, मुझे याद है, ऐसा कहा जा रहा था कि तुम श्रीदेवी की बहन हो, आई थिंक प्रभादेवी'।दूसरे यूजर ने लिखा, 'वाऊ कितनी खूबसूरत पिक्चर है, समझ में ही नहीं आ रहा आप हैं। बिल्कुल परफेक्ट मेकअप है। आपने इस लुक को पूरी तरह से अपनाया है'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'मेरे को हमेशा यही लगता था कि ये श्रीदेवी की तस्वीर है'। अनुपम खेर के आगामी प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वह जल्द ही कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' में नजर आएंगे।

# मिनटों में वायरल हुआ टीएमसी सांसद नुसरत जहां और यश दासगुप्ता का बोल्ड वीडियो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल तृणमूल कांग्रेस की सांसद नुसरत जहां पॉलिटिशियन होने के साथ एक जानी-मानी बंगाली एक्ट्रेस भी हैं।



नुसरत ने अपने करियर में कई हिट बंगाली फिल्मों में काम किया है। नुसरत ने जिस तरह से राजनीति और अभिनय के क्षेत्र में तालमेल बिठाया है वो वाकई में काबिले तारीफ है। नुसरत ने दोनों ही फील्ड में खुद को साबित किया है नुसरत जहां एक्टिंग के साथ सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड इमेज को लेकर भी खूब सुर्खियों में रहती हैं। सोशल मीडिया पर भी वह काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी हर तस्वीर इंटरनेट पर आते ही बवाल मचा देती है। इस बीच नुसरत का एक नया वीडियो इंटरनेट पर बवाल मचा रहा है। इस वीडियो में नुसरत अपने पार्टनर यश दासगुप्ता संग रोमांटिक होती नजर आ रही हैं। ये वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है यश दासगुप्ता संग हुईं रोमांटिक नुसरत जहां ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में नुसरत अपने पार्टनर यश दासगुप्ता के साथ नजर आ रही हैं। वीडियो में आप देख सकते हैं कि नुसरत बोल्ड अंदाज में दिख रही हैं। इस वीडियो में नुसरत और यश अलग-अलग आउटफिट में नजर आ रहे हैं। हर लुक में वह बोल्ड नजर आ रही हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए नुसरत ने कैप्शन में लिखा, 'साथ चलना... यादें बनाना।'नुसरत जहां और यश दासगुप्ता की इस जोड़ी को जहां कई यूजर्स काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं, कई ट्रोल करते दिख रहे हैं। इस पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'ये जोड़ी हिट हैं।' एक दूसरा लिखता है, 'बार-बार देख रहे हैं इस वीडियो को।' नुसरत को ट्रोल करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'आप हर बार भूल क्यों जाती हैं कि आप एक सांसद हैं आपको ये सब शोभा नहीं देता। एक ने लिखा, 'आपको सांसद किसने बनाया।

# सिटाडेल' में थाई हाई स्लिट ड्रेस में दिखा प्रियंका चोपड़ा का बोल्ड अवतार, ये सितारे भी हुए शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज 'सिटाडेल' को



लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। इस सीरीज में प्रियंका हॉलीवुड एक्टर रिचर्ड मैडेन के साथ नजर आएंगी। फैंस को प्रियंका और रिचर्ड मैडेन की अपकमिंग वेब सीरीज 'सिटाडेल' के रिलीज होने का अभी थोड़ा इंतजार करना होगा। वहीं, फिल्म रिलीज के पहले मुंबई में ' सिटाडेल' का प्रीमियर रखा गया। इस प्रीमियर में बॉलीवुड से लेकर टीवी जगत के कई सितारे पहुंचे। हर कोई अपने लुक से एक-दूसरे को टक्कर देता नजर आया। इस दौरान की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। वेब सीरीज ' सिटाडेल' के प्रीमियर पर प्रियंका चोपड़ा ने अपने लुक से हर किसी को दीवाना बना दिया। प्रीमियर में प्रियंका ने ब्लू कलर की ऑफ शोल्डर थाई हाई स्लिट ड्रेस पहनी। इसके साथ उन्होंने ब्लैक हील्स कैरी किया था। हाथ में ब्रेसलेट और अपने सिग्नेचर मेकअप लुक में वह गॉर्जेस दिखीं। एक्ट्रेस का ये लुक इस वक्त सोशल मीडिया पर चर्चा में बना हुआ है। हर कोई उनके इस लुक की तारीफ कर रहा है। प्रीमियर में रेखा ने अपनी मौजूदगी से चार चांद लगा दिया। एवरग्रीन रेखा हमेशा की तरह ही बेहद खूबसूरत अंदाज में पहुंची। उन्होंने इस दौरान रेखा ने गोल्डन कलर की कांजीवरम साड़ी पहनी थी। वहीं इसी इवेंट में नोरा फतेही बॉडी हगिंग ड्रेस कैरी करती नजर आईं। 'सिटाडेल' के प्रीमियर में पत्रलेखा, मोहित रैना, सयानी गुप्ता, अनुष्का दांडेकर, अली फजल, अदिति राव हैदरी, अनुष्का सेन, श्वेता त्रिपाठी, सान्या मल्होत्रा, रकुल प्रीत सिंह और अनुभव सिन्हा सहित अन्य सेलिब्रिटीज पहुंचे।

# बोनी कपूर ने अमेरिकी मॉडल जीजी हदीद संग की ऐसी हरकत, तस्वीर देख भड़के लोग, कहा- 'अब वो दोबारा इंडिया नहीं आएगी'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** मुंबई में हाल ही में 'नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर' की ग्रैंड ओपनिंग हुई। इसमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक की कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। कई बड़े स्टार्स ने अपनी मौजूदगी से इवेंट में चार चांद लगाया। ये इवेंट दो दिन तक चला। इस इवेंट की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर छाई रहीं। इवेंट में प्रियंका चोपड़ा, शाह रुख खान से लेकर जेंडाया, टॉम हॉलैंड और जीजी हदीद सहित अन्य हॉलीवुड सुपरस्टार ने इस इवेंट में चार चांद लगाया। इसी बीच अब जीजी हदीद को लेकर बोनी कपूर चर्चा में आ गए हैं। बोनी ने जीजी संग अपनी तस्वीर शेयर की है, जिसे लेकर उन्हें जमकर ट्रोल किया जा रहा है अंबानी के इवेंट के दौरान बोनी कपूर और जीजी हदीदी ने एक साथ कैमरे को पोज दिया। इस दौरान की तस्वीर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। वहीं, फोटो सामने आने के बाद बोनी कपूर को ट्रोल किया जा रहा है। सामने आई तस्वीर में आप देख सकते हैं कि बोनी कपूर ने जीजी हदीद की कमर पर हाथ रखा हुआ है। इसी बात को लेकर लोग बोनी को बुरी तरह से ट्रोल कर रहे हैं। बता दें कि बोनी कपूर और जीजी हदीद की फोटो को ट्विटर पर एक यूजर ने शेयर करते हुए लिखा, 'पतली कमरिया तोरी हाय हाय हाय।' बस फिर क्या था कमेंट्स की तो जैसे बाढ़ सी आ गई। वहीं, एक दूसरा यूजर लिखता है, 'पहले वरुण धवन और अब बोनी कपूर, जीजी हदीद सोच रही होंगी। मुझे घर जाना है।' एक यूजर ने गैंग्स ऑफ वासेपुर का यह मीम शेयर कर बोनी का मजाक उड़ाया। एक ने लिखा, 'बहुत कम उम्मीद है अब वो दोबारा इंडिया आए।' बता दें कि बोनी कपूर से पहले जीजी हदीद को लेकर वरुण धवन ट्रोलर्स के निशाने पर आए थे। दरअसल, वरुण ने स्टेज पर जीजी हदीद को गोद में उठा लिया था और फिर उनके गाल पर किस किया। इसी के बाद ही वह यूजर्स के निशाने पर आ गए थे। सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें खरी खोटी सुनाई। बाद में वरुण को इस पर सफाई देनी पड़ी।



# 'बॉलीवुड का फिर से बुरा दौर शुरू', विवेक अग्निहोत्री के ट्वीट ने किया लोगों को हैरान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' दुनियाभर में तहलका मचा दिया था। इस फिल्म के हिट होने के बाद से ही इसके डायरेक्टर और फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। विवेक अपनी फिल्मों से कहीं ज्यादा अपने बयानों की वजह से सुर्खियां बटोरते हैं। हालांकि, कई बार उन्हें इसकी वजह से ट्रोल भी किया जाता है। इसी बीच विवेक अग्निहोत्री ने बॉलीवुड फिल्मों के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर बड़ा बयान दिया है। सुपरस्टार अजय देवगन की फिल्म 'भोला' हाल ही में रिलीज हुई है। इस फिल्म को लेकर उम्मीद की गई थी कि ये बॉक्स ऑफिस बंपर कलेक्शन करेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वहीं, अब विवेक अग्निहोत्री ने इशारों ही इशारों में बिना नाम लिए हिंदी फिल्मों के कलेक्शन को लेकर तंज कसा है। उनका एक लेटेस्ट ट्वीट इस वक्त ट्विटर पर काफी चर्चा में बना हुआ है। विवेक अग्निहोत्री ने अपने



ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर एक ट्वीट किया है। इस ट्वीट में उन्होंने लिखा, 'बॉलीवुड का बुरा हाल दोबारा हो गया है। ऐसा लगता है जैसे पूरी इंडस्ट्री उन सेलेब्स को इतनी ज्यादा फीस देकर खुश है, जो एक ओपनिंग की गारंटी नहीं दे सकते। स्टार्स के वैनिटी और लाइफस्टाइल में ज्यादातर पैसा बर्बाद होता है। आखिर क्या गलत हो रहा है?' बता दें कि साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' ने बीते साल सबसे ज्यादा कमाई की थी। विवेक की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। विवेक अग्निहोत्री के डायरेक्शन में बनी द कश्मीर फाइल्स ने बॉक्स ऑफिस पर 252.90 करोड़ का शानदार कलेक्शन किया था। वहीं, विवेक अग्निहोत्री पिछले काफी समय से अपनी नई फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' को लेकर चर्चा में हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक
डा0 दीपक अरोरा द्वारा
रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए
बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज
(उ.प्र.) 211002 से मुद्रित
एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी
औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज।
(उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

**नोटः-** इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।